साप्ताहिक समाचार पत्र

RNI NO - MPBIL/2021/82220

# यस न्यूज

भोपाल

वर्ष -5 अंक -15

पृष्ठ-8

मूल्य-5

प्रधान सम्पादक -उमाकांत मिश्रा

सच के साथ

31/03/2026 मंगलवार से 7/04/2026

ग्वालियर ,चंबल, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर ,उज्जैन शहडोल ,रीवा,नर्मदा पुरम संभाग



## // न्यूज ट्रेक //

### मानव सेवा की मिसाल- सहारा परिवार 34 लावारिस आत्माओं की अस्थियां ले जाने के लिए पैदल मार्च निकालेगा परसों, सेवक कौ सेवा बनी ऐ 77 हुकमु बुझी परम पदु पाई 77




**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** हर साल की तरह, मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था %सहारा परिवार% ने इस साल भी एक बहुत ही विनम्र और नेक काम करने की योजना बनाई है। 34 लावारिस और अज्ञात आत्माओं की अस्थियां ले जाने के लिए एक खास पैदल मार्च निकाला जा रहा है, जिनका अंतिम संस्कार संस्था ने साल 2025 में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ किया था। इस सामाजिक काम में हिस्सा लेकर, मानवता के प्रति अपना फर्ज निभाएं और पुण्य के भागी बनें। प्रोग्राम की जानकारी- तारीख- 3 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) पैदल मार्च शुरू- शाम 4-25 बजे (श्री राम बाग से अस्थियां जल में प्रवाहित करने का समय- शाम 5-15 बजे)। जगह- गुरुद्वारा ग्रीन एवेन्यू (नहर)। मार्च का तय रूट श्री राम बाग से शुरू होकर यह मार्च नेहरू शॉपिंग सेंटर, भाई घनैया चौक, घंटा घर चौक, ठंडी सड़क (हुक्की वाला चौक), जुबली सिनेमा चौक, सेठी डेयरी चौक, कॉलेज रोड से होते हुए चहल रोड होते हुए गुरुद्वारा ग्रीन एवेन्यू पर खत्म होगा। सभी भक्तों से रिक्वेस्ट है कि वे बड़ी संख्या में इस पैदल मार्च में शामिल हों ताकि दिवंगत आत्माओं को सम्मान के साथ आखिरी विदाई दी जा सके।

# संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्ट का पंजीकरण संपन्न, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा

**वाराणसी।** समाज के समग्र उत्थान, धर्मरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के पावन संकल्प के साथ स्थापित ÷संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्ट÷ का विधिवत पंजीकरण भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अंतर्गत संपन्न हो गया है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पंडित राजकुमार मिश्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संस्था धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, चिकित्सीय एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य करेगी।उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, योग एवं आध्यात्मिक जागरण, गौसंवर्धन तथा साधु-संतों के सम्मान एवं उनके मार्गदर्शन के प्रसार के साथ-साथ विद्यालय, गुरुकुल, महाविद्यालय, चिकित्सालय, एम्बुलेंस सेवा, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम जैसे जनहितकारी संस्थानों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा।इसके अतिरिक्त ट्रस्ट ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल कल्याण, खेल एवं युवा सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा जरूरतमंद, असहाय एवं दिव्यांग व्यक्तियों के सहयोग हेतु विविध योजनाएं संचालित करेगा। पंडित मिश्र ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में नैतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की स्थापना करते हुए ÷रामराज्य÷ की अवधारणा को साकार करना है, जिसमें समता, न्याय और लोककल्याण की भावना सर्वोपरि हो।इस अवसर पर ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय सचिव के रूप में पुणे निवासी योगिराज व्योम भूषण जी को दायित्व प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ (दुर्ग) निवासी श्री नीरज कुमार शुक्ला जी को नियुक्त किया गया है। काशी निवासी श्री शीतला प्रसाद पांडे जी को राष्ट्रीय प्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि लखनऊ निवासी श्री आशुतोष उपाध्याय जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व प्रदान किया गया है।ट्रस्ट का मुख्यालय अस्सी, वाराणसी में स्थापित किया गया है, जबकि इसका कार्यक्षेत्र राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित रहेगा। इस अवसर पर सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने दायित्वों



का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश का प्रसार करें।अंत में, उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे इस पुनीत अभियान से जुड़कर राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं। **संपर्क सूत्र -8789831578**

# स्वस्थ जीवन का आधार है इन्द्रियों पर नियंत्रण- राज्यपाल श्री पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि नेचुरोपैथी स्वस्थ जीवन की मार्गदर्शिका है। उन्होंने कहा कि मन चंचल होता है, उसे नियंत्रित करना ही स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वस्थ जीवन के लिए इन्द्रियों पर नियंत्रण जरूरी है। प्रकृति ने शरीर को बनाने और बिगाड़ने की समान शक्ति मानव को दी है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान सभागार में आरोग्य भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आयुर्वेद प्रकृति द्वारा प्रदान की गई औषधियों का विज्ञान है, जिसका प्रभाव भले ही धीरे-धीरे होता है, लेकिन उसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। उन्होंने कहा वातावरण का हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है। हमारे पूर्वज इसीलिए ऋतु अनुसार भोजन बदलते रहते थे। उन्होंने गुजरात के डांग क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि अंचल में बहुत हरियाली है, वहाँ पर ट्रायबल आबादी रहती है, लेकिन इस क्षेत्र के ट्रायबल्स में सामान्यतः मिलने वाला अनुवांशिक रोग सिकल सेल रोग बहुत कम मिलता है। यह बताता है कि प्रकृति का मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव होता है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए पानी अधिक पीने, तैलीय पदार्थ कम खाने, कम से कम 6 घंटे सोने और मिलेट के सेवन के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नेचुरोपैथी केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है।

## फरीदकोट पुलिस की बड़ी स्ट्राइक- अंतर-जिला वाहन चोर गिरोह के 4 सदस्य काबू, -10 मोटरसाइकिलें बरामद एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन के नेतृत्व में एक्शन



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** फरीदकोट पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन (आईपीएस) के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने एक खतरनाक अंतर-जिला वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 10 मोटरसाइकिलें बरामद करने में कामयाबी हासिल की है।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण**

पकड़े गए आरोपी शातिर अपराधी हैं और लंबे समय से वारदातों को अंजाम दे रहे थे कुलविंदर सिंह उर्फ बच्ची (20) निवासी कोटकपूरा। साजन (20) निवासी कोटकपूरा। सागर कुमार (28) निवासी कोटकपूरा। रमनदीप सिंह उर्फ रमन (28) निवासी लंबी (श्री मुक्तसर साहिब)। ऑपरेशन की पूरी कहानी- तीन चरणों में हुई कार्रवाई एसपी (इन्वेस्टिगेशन) जोगेश्वर सिंह और डीएसपी तरलोचन सिंह की देखरेख में थाना सिटी फरीदकोट के मुख्य अधिकारी राजवंत सिंह की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया 1. पहली सफलता- 26 मार्च को एएसआई गुरपाल सिंह ने कुलविंदर सिंह और रमनदीप रमन को वीरवाला नहर के पास एक चोरी की प्लेटिना मोटरसाइकिल के साथ दबोचा। 2. जेल से प्रोडक्शन वारंट- पूछताछ के दौरान आरोपी साजन का नाम सामने आया, जो पहले से ही किसी अन्य मामले में जेल में बंद था। पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाई, जिसकी निशानदेही पर 2 और मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। 3. दाना मंडी से गिरफ्तारी- 29 मार्च को गिरोह के चौथे सदस्य सागर कुमार को फरीदकोट की दाना मंडी से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। मोडस ऑपरेंडी- कैसे देते थे वारदात को अंजाम पुलिस जांच के अनुसार, कुलविंदर और साजन मुख्य रूप से मोटरसाइकिलें चुराने का काम करते थे। इसके बाद, सागर कुमार उन चोरी की गाड़ियों को आगे बेचने और ठिकाने लगाने की जिम्मेदारी संभालता था। फरीदकोट पुलिस जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है। किसी भी अपराधी या शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। हमारा अभियान निरंतर जारी रहेगा÷- डॉ. प्रज्ञा जैन, एसएसपी फरीदकोट। क्रिमिनल रिकॉर्ड और कानूनी कार्रवाई- इन आरोपियों का इतिहास बेहद डरावना है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी और लूटपाट के 17 मामले पहले से ही दर्ज हैं। ताज़ा मामले में, थाना सिटी फरीदकोट में आईपीसी की धारा 303(2) और 317(2) के तहत एफआईआर नंबर 147 दर्ज कर ली गई है।

## ब्यौहारी में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन महंगाई व गैस संकट के खिलाफ आवाज बुलंद



**विनय द्विवेदी ब्यौहारी ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष अजय अवस्थी के मार्गदर्शन में आज दिनांक 31.03.2026 को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन चुंगी नाका ब्यौहारी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी 'पिंटू' के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें घरेलू गैस सिलेंडर की कमी, गैस की कालाबाजारी, पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता में कमी और बिजली बिलों में बढ़ोतरी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन महासचिव विनोद ताम्रकार की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुढ़वा के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, पपौंध के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन में मंडलम कांग्रेस बाणसागर अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, मऊ मंडलम अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम कोल, एनएसयूआई अध्यक्ष अनुराज तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आम जनता को आवश्यक सेवाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है और सरकार इन समस्याओं के समाधान में विफल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में विनय द्विवेदी, हरिशंकर कोरी, छत्रपाल वर्मन, चंद्रप्रभाकर त्रिपाठी, अनुपम सक्सेना, राजभान मिश्रा, पप्पू साकेत, सतीश कुमार पांडे, इंद्र कुमार पाठक, बिहारी कोरी, पुष्पेंद्र परौहा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष हरि सिंह, राजेंद्र सोनी, प्रियदर्शी तिवारी, गीता कोल, इस्लाम खान, अंकित गुप्ता बल्ली, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विक्रम कोल, युवक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष आयूष ताम्रकार, बसंत साहू, एन एस यू आई अध्यक्ष अनुराज तिवारी सूर्य प्रकाश पाठक, निक्की मिश्रा, अम्बुज पाठक, रवि सोनी, राजेंद्र प्रसाद सोनी व अन्य कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लेबर कोड के खिलाफ AITUC ने फरीदकोट में मनाया ब्लैक डे -केंद्र सरकार के फैसले को मजदूर विरोधी और कॉर्पोरेट के हक में बताया, जोरदार नारे लगाए

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)-** AITUC से जुड़े अलग-अलग संगठनों ने केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से पूरे देश में लागू किए जा रहे चार नए लेबर कोड के खिलाफ स्थानीय शहीद कामरेड अमोलक सिंह भवन में विरोध प्रदर्शन कर %ब्लैक डे% मनाया। इस मौके पर मजदूर वर्ग ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। मजदूरों के अधिकारों पर डाका+- नेता इस विरोध रैली को संबोधित करते हुए पंजाब पेंशनर्स यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रेम चावला, जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह चानी और किसान सभा के नेता सुखजिंदर सिंह तुम्बरभान ने कहा कि मोदी सरकार ने कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए मजदूरों द्वारा लंबे संघर्ष के बाद हासिल किए गए 29 लेबर कानूनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन चार लेबर कोड के लागू होने से काम के घंटे बढ़ जाएंगे, मजदूरों का आर्थिक शोषण और तेज हो जाएगा और संगठित होने और हड़ताल करने के लोकतांत्रिक अधिकारों पर रोक लगेगी। कई संगठनों की भागीदारी पावर कम्युनिटी पेंशनर लीडर चांद सिंह




डोड, हरपाल सिंह मचाकी, नरेगा यूनियन के वीर सिंह कमीआना, गोरा पिपली, क्लास फोर यूनियन के बलकार सिंह सहोता, पीआरटीसी वर्कर्स यूनियन के हरमीत सिंह और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी सिक्योरिटी पर्सनेल लीडर शिव नाथ दर्दी ने भी विरोध प्रदर्शन को संबोधित किया। नेताओं ने मांग की कि इन काले कानूनों को तुरंत वापस लिया जाए और पुराने 29 लेबर कानूनों को बहाल किया जाए। इस मौके पर गुरचरण सिंह मान, प्रिंसिपल गुरदीप कौर बराड़, सोम नाथ अरोड़ा, इंदरजीत सिंह गिल, रमेश कौशल, मुख्तियार सिंह भाना, सुरिंदर पाल सिंह, रुलदा सिंह, सुखमंदर सिंह नवां किला, जतिंदर सिंह जंडवाला, निर्मल सिंह निम्मा, वीरपाल कौर मेत और करमजीत कौर गोलेवाला समेत बड़ी संख्या में वर्कर मौजूद थे।

## रीवा-सतना NDPS कांड में बड़ा एक्शन



**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी ।** रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत की सख्ती के बाद पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपिश समेत रामयश रावत और सुजीत शर्मा को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पूरा मामला सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र से पकड़े गए NDPS के दो आरोपियों से जुड़ा है। आरोप है कि आरोपियों को सेमरिया थाना लाने के बाद करीब 6 घंटे तक बैठाकर रखा गया और नियमानुसार कार्रवाई किए बिना संदिग्ध परिस्थितियों में छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह सब थाना प्रभारी के मौखिक निर्देश पर हुआ, जो उस समय रीवा में थे और फोन के जरिए लगातार निर्देश दे रहे थे। जांच में निजी स्तर पर बातचीत और कथित सेटिंग के संकेत भी सामने आए हैं। मामला उजागर होते ही रीवा आईजी गौरव राजपूत ने सख्त रुख अपनाया और साफ कहा कि NDPS जैसे गंभीर मामलों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। जांच में लापरवाही और मिलीभगत के संकेत मिलने के बाद एसपी ने तुरंत तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। अब संकेत हैं कि जांच का दायरा और बढ़ सकता है और अन्य जिम्मेदारों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

## रीवा सीधी रेल परियोजना में बड़ी उपलब्धि, रामपुर नैकिन चुरहट सेक्शन पर पहली लोडेड ट्रेन पहुंची



**रीवा ।** सीधी रेल परियोजना के अंतर्गत रामपुर नैकिनङ्कचुरहट रेलखंड पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उप मुख्य अभियंता निर्माण सीधी श्री अभिलाष मीना एवं श्री घमंडी लाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 25 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड पर ट्रैक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सेक्शन पर आज पहली बार डीजल इंजन के साथ लोडेड ट्रेन सफलतापूर्वक पहुंची, जो परियोजना की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके साथ ही रेलखंड पर विद्युतीकरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे आगामी समय में रेल संचालन और अधिक सुगम एवं आधुनिक होगा। अधिकारियों ने बताया कि इस उपलब्धि से सीधी जिला मुख्यालय को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा है, जिससे क्षेत्र के विकास, आवागमन एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने इस सफलता के लिए जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के प्रभावी समर्थन से कार्य समय पर पूर्ण किया जा सका।

## फरीदकोट में आप का कुनबा बढ़ा- एमएलए गुरदित्त सिंह सेखों की मौजूदगी में कई दिग्गज और युवा पार्टी में शामिल



**फरीदकोट,** 31 मार्च (अलेक्जेंडर डिसूजा)- आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों और पंजाब में हो रहे चहुंमुखी विकास से प्रभावित होकर आज फरीदकोट में पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने साथियों सहित %आप% का दामन थाम लिया। विधायक स. गुरदित्त सिंह सेखों की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का भरोसा दिलाया गया।

**विकास कार्यों से प्रभावित होकर बढ़ रहा कारवां**

इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए एमएलए गुरदित्त सिंह सेखों ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच और पंजाब सरकार की लोक-भलाई योजनाओं का ही नतीजा है कि आज हर वर्ग के लोग खुद चलकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। राज्य में हो रहा विकास बोल रहा है और यही कारण है कि %आप% का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है।

**युवाओं ने जताया मुख्यमंत्री की नीतियों पर भरोसा**



पार्टी में शामिल होने वालों में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला। सुखविंदर सिंह, लवी सहोता, मनप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह, रिंकू और टोनी गिल समेत कई युवाओं ने आधिकारिक तौर पर पार्टी जॉइन की। इन युवा नेताओं ने कहा कि वे मुख्यमंत्री मान की विकास आधारित राजनीति और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन से प्रभावित होकर इस परिवार का हिस्सा बने हैं और भविष्य में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी लगन से काम करेंगे। ये गणमान्य रहे उपस्थित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से सरबजीत सिंह बराड़, चेयरमैन ब्लॉक समिति फरीदकोट, कमलजीत सिंह, एमसी, गुरशरण सिंह बराड़, जिला परिषद सदस्य, राजिंदर दास रिंकू, गुरप्रीत सिंह ऑर्गेनाइजेशन हल्का इंचार्ज फरीदकोट, सुखविंदर सिंह सुखा, पूर्व एमसी, मंदीप सिंह और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजिर थे।

## व्यापारियों की समस्याओं पर एमएलए सेखों का कड़ा रुख- अधिकारियों को दिए तुरंत समाधान के निर्देश

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** शहर के विकास और व्यापारिक सुगमता को प्राथमिकता देते हुए फरीदकोट के विधायक स. गुरदित सिंह सेखों ने आज स्थानीय लाइन बाजार में जिला ट्रेड यूनियन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को दरपेश आ रही रोज़मर्रा की दिक्कतों को समझना और उनका मौके पर निपटारा करना था। इन मुख्य मुद्दों पर गरमाई चर्चा- बैठक के दौरान व्यापारिक प्रतिनिधियों ने शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर अपनी चिंताएं जताईं। मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया ट्रैफिक व्यवस्था- बाजारों में अनियंत्रित ट्रैफिक के कारण ग्राहकों और व्यापारियों को होने वाली परेशानी। पार्किंग का अभाव- व्यवस्थित पार्किंग स्थल न होने से बाजारों में लगने वाला



जाम। सफाई और सुरक्षा- सफाई व्यवस्था में लगातार आ रही गिरावट और बाजारों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की मांग। एमएलए सेखों की अधिकारियों को दोटूक- %लापरवाही बर्दाश्त नहीं व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक सेखों ने मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1. तालमेल की कमी दूर हो- सभी विभाग आपसी समन्वय बिठाकर ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें। 2. सरकार व्यापारियों के साथ- पंजाब सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। 3. सहयोग की अपील- विधायक ने व्यापारियों से भी आग्रह किया कि वे नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें ताकि शहर को सुंदर और विकसित बनाया जा सके। ÷व्यापारी वर्ग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उनकी समस्याओं को लटकाना उचित नहीं है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि पार्किंग और ट्रैफिक जैसे मुद्दों पर जल्द से जल्द जमीनी बदलाव दिखना चाहिए÷ज्स. गुरदित सिंह सेखों विधायक, फरीदकोट। बैठक में ये रहे मौजूद इस महत्वपूर्ण बैठक में चेयरमैन ट्रेडर्स कमेटी श्री गुरप्रीत सिंह, स्टेट टैक्स ऑफिसर मैडम ऊषा, जीएसटी इंस्पेक्टर जसवंत सिंह, म्युनिसिपल काउंसिल के एमई राकेश कंबोज, लेबर इंस्पेक्टर अनमोल सिंह सहित नछत्तर सिंह, सतीश कुमार और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

## रीवा गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरफ की बिक्री कर रहे आरोपी को दबोचा, पहुंचाया सलाखों के पीछे



**रीवा ब्यूरो चीफ शुभम तिवारी रीवा ।**- गोविन्दगढ़ समाचार रीवा पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्रीमती आरती सिह के निर्देशन मे उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रीवा उदित मिश्रा के मार्गदर्शन मे... गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरफ की बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, उक्त प्रकरण की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि..दिनाक 30.03.2026 को थाना गोविन्दगढ थाना अन्तर्गत चौकी शिवपुर्वा क्षेत्र मे एक व्यक्ति द्वारा प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बिक्री कि जा रही, पुलिस ने कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर एक व्यक्ति को 100 नग अवैध नशीली कफ सीरफ के साथ सहिजना मोड़ नहर के पास से पकड़ लिया, पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अपराध में प्रयुक्त वाहन और मोबाइल भी जप्त कर लिया है, आरोपी के सहयोगी और अपराध मे सलिप्त दो अन्य व्यक्तियो को भी प्रकरण मे आरोपी बनाया गया है, तीन आरोपियो के विरुध्द थाना गोविन्दगढ मे एनडीपीएस एक्ट एव 5/13 ड्रग्स कन्ट्रोल एक्ट का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया, गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल वारण्ट प्राप्त होने पर आरोपी को जेल भेजदिया गया है, गिरफ्तार आरोपी का नाम.. अजय तिवारी उर्फ शिब्बू पिता संजीव तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सहिजना नम्बर 02 थाना गोविन्दगढ जिला रीवा म.प्र. का है, पुलिस द्वारा जप्त मसरुका.. 100 नग अवैध नशीली कफ सीरफ कीमती 20150 रु/, मोटर सायकल क्र. स्क्क्ा 9छ्ग्-6291 कीमती लगभग 80000 रुपये, दो नग मोबाइल फोन कीमती लगभग 25000 रुपये, कुल कीमती - 1,25150 रुपये, उक्त कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका.. गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी उप. निरी. अरविन्द सिंह राठौड़, उपनिरी. निशा खूता, सउनि. रामजियावन वर्मा, सउनि. इन्द्रभान सिह, प्रआर. झलकनारायण पाण्डेय, सहित कई और पुलिस कर्मचारी शमिल रहे।

## श्री बजरंग धाम हनुमान मंदिर खाम्हीडोल में श्री भैंरवनाथ मंदिर में भैंरव जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई





**शहडोल ।** जिले के बजरंग धाम श्री हनुमान मंदिर ग्राम खाम्हीडोल में श्री भैंरवनाथ मंदिर में श्री भैंरवनाथ जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए 31 मार्च 2026 मंगलवार को जल यात्रा, वेदी पूजन, जलाधिवास का कार्यक्रम किया गया, दिनांक- 01 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को अन्नाधिवास, नगर भ्रमण, शैयाधिवास का कार्यक्रम हुआ, दिनांक - 02 अप्रैल 2026 दिन को श्री राम चरित मानस की बैठकी की गई, न्यास प्रतिष्ठा,श्री मानस विश्राम, हवन, पूजन किया गया, इसके बाद बृहद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद लिए। आयोजक श्री मद जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री देवांश प्रपन्नाचार्य महाराज ( दण्डवती महाराज ) बजरंग आश्रम खाम्हीडोल जिला शहडोल ( म.प्र. )के द्वारा कराया गया जिसमें गणेश सिंह जी ( मास्टर जी ), ग्राम के समाज सेवियों के द्वारा अथक सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्य किये जिसकी सराहना की जा रही है। इस आयोजन में दूर दूर से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था सभी ने प्रसाद ग्रहण किये।

## फरीदकोट अनाज मंडी में प्रधानगी का विवाद गहराया नई कमेटी भंग, 6 अप्रैल को होगा लोकतांत्रिक चुनाव

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** फरीदकोट की नई अनाज मंडी में अध्यक्ष पद को लेकर छिड़ा घमासान अब निर्णायक मोड़ पर आ गया है। मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित आढ़तियों की एक आपातकालीन बैठक में बहुमत ने नवनियुक्त अध्यक्ष बंटी गर्ग के नेतृत्व को सिरे से नकार दिया। भारी हंगामे और चर्चा के बीच संरक्षक वरिंदर कुमार बंसल बिंदरी ने मौजूदा कमेटी को भंग करते हुए नए सिरे से चुनाव का ऐलान कर दिया है। स्वर्गीय भुशी



को श्रद्धांजलि से हुई शुरुआत बैठक का माहौल उस समय भावुक हो गया जब सभी आढ़तियों ने मंडी के पूर्व दिवंगत अध्यक्ष कुलभूषण राय भुशी की सेवाओं को याद किया। उनकी आत्मिक शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। आढ़तियों ने एक सुर में कहा कि मंडी को आज फिर से भुशी जी जैसे अनुभवी और सबको साथ लेकर चलने वाले नेता की जरूरत है। लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन का आरोप मीटिंग में मौजूद आढ़तियों ने बंटी गर्ग के चयन पर कड़ा ऐतराज जताया। उनका आरोप है कि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से नहीं किया गया। कुछ चहेतों को साथ लेकर बंद कमरे में फैसला लिया गया। मंडी की एकता और भाईचारे को ताक पर रखकर पद का चयन हुआ। संरक्षक का कड़ा रुख÷अनैतिक तरीके से बनी कमेटी मंजूर नहीं मंडी के संरक्षक वरिंदर कुमार बंसल बिंदरी ने कड़े शब्दों में आपत्ति जताते हुए कहा कि मेरी गैरमौजूदगी में मुझे संरक्षक घोषित कर खुद को प्रधान चुन लेना पूरी तरह अनैतिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके लिए पद से बड़ा मंडी का आपसी भाईचारा है। इसी के चलते उन्होंने तत्काल प्रभाव से विवादित कमेटी को भंग करने की घोषणा की। 6 अप्रैल को %जनरल हाउस% की मीटिंग विवाद को सुलझाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि तारीख- 6 अप्रैल, समय- सुबह 11:00 बजे, स्थान- मार्केट कमेटी कार्यालय, फरीदकोट। इस दिन जनरल हाउस की मीटिंग में सभी आढ़तियों की मौजूदगी में नए अध्यक्ष का चुनाव पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।बैठक में ये रहे मुख्य रूप से उपस्थित इस महत्वपूर्ण बैठक में राज मचाकी, विपन कुमार गर्ग, ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद बंसल, राहुल जैन, अश्वनी गांधी, एडवोकेट पीयूष बंसल, सुरजीत संधू, रवि गोयल, अनिल कुमार केटू, रंजीत सिंह, राजेश कुमार, कपिल जैन, विकास गर्ग, राहुल बंसल, चाचा धर्मपाल, चाचा ओम प्रकाश, रवि बंसल, धीरज कुमार बंसल, सुधीर छाबड़ा, राजिंदर कुमार, आशु अग्रवाल, महेंद्र कुमार बंसल, मोनू जैन, हैप्पी, पंकज बंसल, जसवंत राय, राजू बंसल, तरसेम सचदेवा, टिक्का बाबा घगियानेवाला, कुलदीप सिंह और गुरदेव सिंह ढिल्लों सहित बड़ी संख्या में आढ़ती मौजूद थे।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम प्रदेश के 1 लाख 6 हजार 51 बच्चों को उनकी पसंद की निजी स्कूलों में मिला नि-शुल्क प्रवेश

**भोपाल ।** स्कूल शिक्षा केंद्र द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ऋत्रश्व) के अंतर्गत गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई, जिसमें एक लाख 6 हजार 051 बच?चों को उनकी पसंद के निजी स्कूलों में ही प्रवेश दिया गया। इनमें से 91 हजार 543 बच्चों को उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में ही प्रवेश मिला है। लॉटरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इसका सीधा प्रसारण भी किया गया। संचालक राज?य शिक्षा केन?द्र श्री हरजिंदर सिंह ने आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण राज?य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल https://youtube.com/live/ffjjYeJUxvo?feature=share पर किया गया। संचालक श्री सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश देश भर में आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला अग्रणी राज्य है। इस पारदर्शी व्यवस्था से अभिभावकों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उनके क्षेत्र के स्कूलों में उनके बच्चों को निऱ्शुल्क अध्ययन के लिए सीट आवंटित हो जाएगी। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पंसद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन टीम की भी प्रशंसा की। 15 अपैल तक ले सकेंगे प्रवेश राज?य शिक्षा केन्द्र संचालक ने बताया कि आरटीई के अंतर्गत इस वर्ष लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत 1 लाख 78 हज़ार 714 बच्चे पात्र हुए थे। जिनमें से 1 लाख 6 हजार 051



बच?चों को उनके द्वारा चयनित स?कूलों का आवंटन किया गया है। इनमें से 54 हजार 746 बालक एवं 51 हजार 305 बालिकाएं हैं। जिन्हे गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी में शामिल करते हुए रेंड़म पद्वति से स्कूल का आवंटन किया गया है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। बच्चे आवंटित स्कूलों में 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जाकर प्रवेश ले सकेंगे। इन बच्चों की फीस सरकार द्वारा नियमानुसार सीधे स्कूल के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाएगी।

**वरीयता के आधार पर स्कूलों का हुआ आवंटन**

ऑनलाइन लॉटरी में विभिन?न प्रायवेट स्कूलों की नर्सरी कक्षा में 66 हजार 219, केजी-1 में 31 हज़ार 970 और कक्षा पहली में 07 हज़ार 862 बच्चों को निऱ्शुल?क प्रवेश के लिए सीटों का आवंटन हुआ है। इनमें से 91 हजार 543 बच्चों को उनकी प्रथम वरीयता (फर्स्ट चॉइस) के स्कूलों का, 7 हजार 496 को द्वितीय वरीयता के स्कूलों का, 03 हजार 580 को तृतीय वरीयता के स?कूलों का, 01 हजार 245 को चतुर्थ वरीयता के स?कूलों का, 874 को पांचवीं वरीयता




के स्कूलों का, 501 को 6वीं वरीयता के स्कूलों का, 315 को सातवीं वरीयता के स्कूलों का, 221 को आठवीं वरीयता के स्कूलों का, 160 को नवीं वरीयता के स्कूलों का और 116 को उनकी दसवीं वरीयता के स्कूलों का आवंटन हुआ है।

यूट्यूब लाइव सत्र के दौरान संचालक राज्य शिक्षा केन?द्र श्री सिंह ने निजी विद्यालयों में निऱ्शुल?क प्रवेश के लिए पात्र विभिन?न श्रेणियों की बच?चों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक संख?या में विभिन?न श्रेणियों के गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों के लगभग 01 लाख 14 हजार से अधिक बच?चों के आवेदन लॉटरी प्रक्रिया के लिए पात्र पाए गए हैं। शेष रहे बच?चों को द्वितीय चरण में मिलेगा अवसर प्रथम चरण की लॉटरी में जिन बच?चों को किसी भी स?कूल में सीट आवंटन नही हुआ है उन?हें शासन द्वारा स?कूलवार रिक?त रहीं सीटों पर प्रवेश के लिए द्वितीय अवसर प्रदान किया जायेगा। इसके लिए द्वितीय चरण के आवेदन प्रारंभ होने पर वे आवेदक जिन?होंने प्रथम चरण में आवेदन किया हुआ है पोर्टल पर प्रदर्शित स?कूलों में रिक?त सीट्स के अनुसार अपनी वरीयता की प्रविष्टि कर सकेंगे। ऑनलाइन लॉटरी कार्यक्रम में राज?य शिक्षा केन?द्र के अपर संचालक श्री शीतांशु शुक?ला, डॉ. अरूण सिंह, नियंत्रक आरटीई सुश्री किरण कुशवाहा, डॉ. आशीष भारती, श्री पंकज श्रीवास?तव, श्री महेश मूलचंदानी, जे.पी. सोनकर, श्री विवेक मिश्रा और तकनीकी सहयोगी विभाग मध?यप्रदेश स?टेट इलेक?ट्रॉनिक?स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सूद सभा लुधियाना ने डॉ. राजीव सूद को किया सम्मानित चिकित्सा क्षेत्र में बेमिसाल सेवाओं के लिए मिला गौरव

**लुधियाना/ फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)**-सूद सभा लुधियाना वेलफेयर एसोसिएशन0? द्वारा सूद समुदाय के गौरव और देश के प्रख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) राजीव सूद को उनकी अद्वितीय उपलब्धियों और मानवता के प्रति समर्पण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में डॉ. सूद के दशकों लंबे योगदान को सराहते हुए सभा ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

**चार दशकों का शानदार सफर**

डॉ. राजीव सूद वर्तमान में बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (क्क्स्न॥स्), फरीदकोट के कुलपति (ङ्कष्ट) के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उनके करियर की कुछ मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं । अनुभव- चिकित्सा क्षेत्र में 40 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव। विशेषज्ञता- यूरोलॉजी के क्षेत्र में देश के अग्रणी विशेषज्ञों में शुमार। संस्थापक भूमिका- कई प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और उनके विकास में महत्वपूर्ण योगदान। प्रशासनिक नेतृत्व- डीन और संस्थापक डीन जैसे उच्च पदों पर रहकर चिकित्सा शिक्षा के मानकों को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया। राष्ट्रीय सम्मान से बढ़ाया समाज का मान डॉ. सूद की प्रतिभा का लोहा पूरा देश मानता है। उन्हें साल 2017 में देश के सर्वोच्च चिकित्सा सम्मान %डॉ. बी. सी. राय नेशनल अवॉर्ड% से नवाजा जा चुका है। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्राप्त अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार न केवल उनके व्यक्तित्व की गरिमा बढ़ाते हैं, बल्कि पूरे सूद समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। ÷डॉ. राजीव सूद की उपलब्धियां



हमारे समाज का सिर ऊंचा करती हैं। सूद सभा लुधियाना उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और भविष्य की निरंतर सफलता की कामना करती है सूद सभा लुधियाना वेलफेयर एसोसिएशन0?।

**मानवता की सेवा का संकल्प**

सम्मान समारोह के दौरान सभा के पदाधिकारियों ने डॉ. सूद के सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. सूद जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। सभा ने उम्मीद जताई कि वे इसी तरह अपनी विशेषज्ञता और अनुभव से मानवता की सेवा जारी रखेंगे।

## मुख्यमंत्री के जैतो आने की तैयारियां ज़ोरों पर ; एमएलए अमोलक सिंह, डीसी और एसएसपी ने इंतज़ामों का रिव्यू किया, दाना मंडी में होने वाली रैली को लेकर अधिकारियों के साथ खास मीटिंग, ड्यूटी में लापरवाही न करने की हिदायतें

**फरीदकोट/जैतो, 2 अप्रैल (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के जैतो दाना मंडी में होने वाले संभावित आगमन और रैली की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव हो गया है। इस संबंध में आज जैतो के एमएलए स. अमोलक सिंह, डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर और एसएसपी मैडम प्रज्ञा जैन ने सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट के ऑफिस में सभी डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ एक ज़रूरी मीटिंग की और इंतज़ामों का डिटेल में रिव्यू किया।

**इंतज़ामों में कोई कमी न हो- डिप्टी कमिश्नर**

मीटिंग के दौरान, डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर ने अलग-अलग डिपार्टमेंट को साफ निर्देश दिए कि इवेंट से जुड़ी सभी ज़िम्मेदारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने खास तौर पर निर्देश दिए ट्रैफिक और सिक्योरिटी- ट्रैफिक को स्मूथ रखने और सही सिक्योरिटी इंतज़ामों के लिए रूट प्लान तैयार करने के लिए। बेसिक सुविधाएं- पीने का साफ पानी, बिना रुकावट बिजली सप्लाई, सफाई व्यवस्था और सेहत सुविधाएं (एम्बुलेंस और मेडिकल टीमें) पक्की करना। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी मैडम प्रज्ञा जैन ने सुरक्षा घेरे और पुलिस तैनाती के बारे में स्ट्रैटेजी शेयर की।

**मुख्यमंत्री करेंगे बड़े ऐलान- अमोलक सिंह**

एमएलए स. अमोलक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आने को लेकर इलाके के लोगों में बहुत जोश है। उन्होंने दावा किया कि स. भगवंत सिंह मान इस दौरे में जैतो हलके के लिए बड़े डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का ऐलान करेंगे। उन्होंने कहा कि %आप% सरकार हलके के हर तरफ के विकास के लिए पूरी तरह तैयार है।




**अनाज मंडी का दौरा किया-**

मीटिंग के बाद एमएलए और एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों ने जैतो की अनाज मंडी (इवेंट की जगह) का दौरा किया। उन्होंने पंडाल, स्टेज और पार्किंग के लिए तय जगहों का मुआयना किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत ज़रूरी सुधार करने के आदेश दिए। ये लोग थे मौजूद- इस मौके पर एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (त) संदीप मल्होत्रा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन लछमन सिंह भगतुआना, एसडीएम जैतो विक्रमजीत, एसडीएम कोटकपूरा सुखराज सिंह ढिल्लों, सिविल सर्जन डॉ. परवजीत सिंह, एडवोकेट हरसिमरन मल्होत्रा, गुबिंदर वालिया, धर्मजीत रामेआना, नरिंदर रामेआना और अलग-अलग डिपार्टमेंट के दूसरे कर्मचारी मौजूद थे।

## कोटकपूरा में आपके नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन आज, स्पीकर संधवा करेंगे शिरकत



**कोटकपूरा (अलेक्जेंडर डिसूजा)**।आम आदमी पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने और शहरवासियों की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे करने के लिए कोटकपूरा में नया पार्टी कार्यालय खोला जा रहा है। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा आज, गुरुवार 2 अप्रैल को बीडीपीओ (बीडीपीओ) ऑफिस के समीप इस नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन करेंगे।

**धार्मिक समारोह के साथ होगी शुरुआत**

पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आध्यात्मिक माहौल में कार्यक्रम की शुरुआत होगी। सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बाणी के साथ श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ किया जाएगा। पार्टी ने इस पावन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को गुरु साहिब का आशीर्वाद लेने के लिए आमंत्रित किया है।

**शहरवासियों की मांग पर लिया गया फैसला**

पार्टी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संधवा में कैंप ऑफिस पहले से ही लोगों की सेवा में कार्यरत है। शहरवासियों की सुविधा और मांग को देखते हुए अब कोटकपूरा शहर के भीतर यह नया ऑफिस शुरू किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और असरदार समाधान सुनिश्चित करना है।

**वॉलंटियर्स और नेताओं से अपील**

प्रवक्ता ने इलाके के सभी वॉलंटियर्स, पंच-सरपंचों, चेयरमैन और अन्य सम्मानित नेताओं से अपील की है कि वे इस कार्यालय का अधिकतम उपयोग करें। यहाँ नियमित मीटिंग्स आयोजित की जाएंगी ताकि पार्टी की जमीनी स्तर की गतिविधियों को और अधिक मजबूती दी जा सके। ÷पार्टी ऑफिस ने कोटकपूरा के सभी वर्करों और जनता से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने का विनम्र अनुरोध किया है ।

## धर्मरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ स्थापित संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्टवाराणसी



समाज के समग्र उत्थान, धर्मरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ स्थापित ÷संकल्प रामराज्य सेवा ट्रस्ट÷ का विधिवत पंजीकरण भारतीय ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अंतर्गत संपन्न हो गया है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं मैनेजिंग ट्रस्टी पंडित राजकुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, चिकित्सीय एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, योग एवं आध्यात्मिक जागरण, गौसंवर्धन, साधु-संतों के सम्मान एवं मार्गदर्शन के प्रसार के साथ-साथ विद्यालय, गुरुकुल, महाविद्यालय, चिकित्सालय, एम्बुलेंस सेवा, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम जैसे जनहितकारी संस्थानों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल कल्याण, खेल एवं युवा सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा जरूरतमंद, असहाय एवं दिव्यांग व्यक्तियों के सहयोग हेतु भी विविध योजनाएं संचालित करेगा। पंडित मिश्र ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि समाज में नैतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करते हुए ÷रामराज्य÷ की अवधारणा को साकार करना है, जिसमें समता, न्याय और लोककल्याण की भावना सर्वोपरि हो। ट्रस्ट का मुख्यालय अस्सी, वाराणसी में स्थापित किया गया है, जबकि इसका कार्यक्षेत्र राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे इस पुनीत अभियान से जुड़कर राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## गुड फ्राइडे विशेष-मानवता के महानायक प्रभु यीशु मसीह का बलिदान-क्षमा और प्रेम की अमर गाथा

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)**।दुनिया का इतिहास अनगिनत क्रांतियों और शहादतों का गवाह रहा है, लेकिन गुड फ्राइडे का दिन इतिहास के पन्नों में एक ऐसी महान कुर्बानी के रूप में दर्ज है, जिसने पूरी इंसानियत को प्रेम, त्याग और क्षमा का नया मार्ग दिखाया। प्रभु यीशु मसीह का बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि समस्त मनुष्य जाति के उद्धार के लिए एक ईश्वरीय वरदान था



सत्य की राह और कठिन चुनौतियां पवित्र बाइबल के अनुसार, प्रभु यीशु का जीवन सत्य, करुणा और निस्वार्थ सेवा के प्रति समर्पित था। उस दौर में जब मानवता कराह रही थी, यीशु ने प्रेम का संदेश दिया। हालांकि, उनका यही मार्ग तत्कालीन सत्ता और कट्टरपंथियों की आंखों में खटकने लगा। धार्मिक पाखंड पर प्रहार- यीशु ने जब धर्म के नाम पर दिखावा करने वालों को आईना दिखाया, तो वे उनके कट्टर शत्रु बन गए। सेवा का संकल्प- पवित्र सब्बाथ के दिन भी बीमारों और लाचारों की सेवा करना उनके विरोधियों को नागवार गुजरा, जिन्होंने नियमों को सेवा से ऊपर रखा था। साजिश, विश्वासघात और सूली का सफर यरूशलेम के पवित्र मंदिर को व्यापार का केंद्र बनते देख जब यीशु ने कड़ा विरोध किया, तो उनके खिलाफ साजिशों का जाल बुना गया 1.विश्वासघात- मात्र चंद चांदी के सिक्कों के लालच में उनके अपने शिष्य यहूदा इस्करियोती ने उनके साथ धोखा किया। 2.अन्यायपूर्ण निर्णय- रोमन शासक पिलातुस ने उन्हें बेगुनाह पाया, लेकिन भीड़ के उन्माद और दबाव के आगे झुककर उन्हें सूली की सजा सुना दी। 3.असीम पीड़ा- दो अपराधियों के बीच सूली पर लटकाए गए यीशु के सिर पर कांटों का ताज सजाकर उनका उपहास किया गया, लेकिन उनका धैर्य और ईश्वर पर विश्वास अडिग रहा। क्षमा का सर्वोच्च संदेश- नफरत पर प्रेम की विजय सूली पर लटके हुए असहनीय शारीरिक कष्ट के बीच भी यीशु के मुख से निकले शब्द आज भी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं । हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं। यह वाक्य उनके महान चरित्र की पराकाष्ठा है, जो सिखाता है कि बदला लेने से बड़ा धर्म क्षमा करना है। आज के दौर में गुड फ्राइडे की प्रासंगिकता आज जब दुनिया में असहनशीलता और ईर्ष्या बढ़ रही है, डैनियल थोबा का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि यदि हम अपने निजी जीवन और रिश्तों में छोटी-छोटी गलतियों को माफ करना सीख लें, तभी इस महान बलिदान को याद करना सार्थक होगा। निष्कर्ष-गुड फ्राइडे हमें यह शाश्वत सीख देता है कि बुराई को बुराई से नहीं, बल्कि केवल अच्छाई और निस्वार्थ प्रेम से जीता जा सकता है। यह दिन पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोने और दीन-दुखियों के प्रति दया भाव रखने का आह्वान करता है।

## बच्चो को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का कराएं सेवन-सिविल सर्जन गर्मी में बच्चो की सुरक्षा हेतु सिविल सर्जन ने दी आवश्यक सलाह



**शहडोल (** सिविल सर्जन जिला अस्पताल शहडोल डॉ. शिल्पी सराफ ने ग्रीष्मऋतु को दृष्टि रखते हुए बच्चो की सुरक्षा के लिए आवश्यक सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चो को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराएं, बच्चों को धूप में खेलने से बचाएं, बेहोशी की स्थिति में बच्चे को कुछ भी खाने पीने को न दें, गर्मी के मौसम में बच्चो के शरीर को अच्छे तरह ढककर रखें। सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने बताया कि जब बच्चों को गर्मी लगे तो बच्चे को तुरंत अंदर या छाव में लाएं, नल के पानी से शरीर को पोंछे या पानी का छिड़काव करें, बच्चे के कपड़ो को जितना संभव हो, ढीला कर दें, यदि बच्चे होश में है तो उसे तुरंत ठंडा पानी पिलाएं, पैरो को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं, यदि बच्चे को उल्टियां हो तो उसे करवट के बल लिटाएं, ताकि गले में कुछ न फंसे एवं पंखे या ठंडी हवा का उपयोग करें।

# जैतो में ष्टरूमान का विकास धमाका –28.68 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का तोहफा, –बेअदबी के दोषियों को अब होगी उम्रकैद

**जैतो/ फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ऐतिहासिक धरती जैतो से प्रदेश के विकास और राजनीति को लेकर बड़े ऐलान किए। मुख्यमंत्री ने यहाँ 28.68 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने विरोधियों पर तीखे सियासी बाण छोड़े और धार्मिक भावनाओं की रक्षा के लिए सख्त कानून लाने की घोषणा की। प्रमुख घोषणाएं और विकास कार्य~हेल्थ क्रांति~ जैतो के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को 8 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड कर 30 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाया जाएगा। बुनियादी ढांचा~ इलाके के 1,200 घरों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए 3.01 करोड़ रुपये की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। खेल और युवा~ युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए 2 करोड़ रुपये की लागत से नया स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार होगा।

**बेअदबी पर बड़ा एक्शन**

13 अप्रैल को लगेगा न्याय पर मुहर मुख्यमंत्री मान ने बेअदबी के मामलों पर ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कहा कि 13 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उन्होंने घोषणा कि ÷धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी करने वाले दोषियों को अब उम्रकैद की सजा होगी और एक साल तक जमानत नहीं मिल सकेगी। हम %जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार एक्ट% में सख्त बदलाव करने जा रहे हैं। विपक्ष पर %सियासी सर्जिकल स्ट्राइक अकाली दल और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए ष्टरूमान ने कहा कि इन पार्टियों



ने दशकों तक पंजाब को लूटा है। अकाली दल पर तंज~ उन्होंने %पंजाब बचाओ यात्रा% को %परिवार बचाओ यात्रा% करार दिया और कहा कि जिन्होंने ड्रग तस्करों को पनाह दी, उन्हें पंजाब की बात करने का हक नहीं। कांग्रेस पर निशाना~ कांग्रेस को %बिना सिर-पैर% वाली पार्टी बताते हुए कहा कि वहां कार्यकर्ताओं से ज्यादा ष्टरूपद के उम्मीदवार घूम रहे हैं। 2027 का रण~÷आप की कलम बनाम खून और बेअदबी की स्याही आगामी चुनावों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2027 में जनता के पास तीन विकल्प होंगे। उन्होंने तर्क दिया कि जहाँ कांग्रेस की कलम 84 के दंगों के खून से और अकालियों की कलम बेअदबी की स्याही से रंगी है, वहीं %आप% की कलम मुफ्त बिजली, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक और महिलाओं के लिए आर्थिक मदद (1000 रुपये) की इबारत लिख रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर, डॉ. बलबीर सिंह, स्पीकर कुलतार सिंह संधवा और जैतो के विधायक अमोलक सिंह सहित भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाही टास्क फोर्स के निर्णयानुसार संयुक्त अभियान संचालित



कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ के मार्गदर्शन में 31 मार्च को आयोजित टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर, सघन एवं प्रभावी संयुक्त कार्रवाही की गई। गुरूवार को चंबल नदी के राजघाट क्षेत्र में प्रातः 6 बजे से सायं 5 बजे तक वन विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा कार्रवाही करते हुए 9300 ट्रॉली अवैध चंबल रेत का विनिष्टिकरण किया गया। विनिष्टिकृत रेत का अनुमानित मूल्य 1,86,00,000 रुपये बताया गया है। कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा अवैध रेत उत्खनन को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती को लेकर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक एवं प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह संयुक्त कार्रवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी। कार्रवाही में वनमंडलाधिकारी श्री हरीशचंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र डाबर, एसडीएम मुरैना श्री बी.एस. कुशवाह, जिला खनिज अधिकारी श्री सुखदेव निर्मल, पुलिस लाइन के आरआई, टीआई सरायछैला, राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य के एसडीओ द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया । रेत विनिष्टिकरण की प्रक्रिया में 4 जेसीबी मशीन और 02 लोडर मशीनों का उपयोग किया गया।



## गोहपारू पूलिस द्वारा शासकीय आंगनवाड़ी में चोरी का खुलासा आरोपी से चोरी का सामान बरामद



**शहडोल ।** गोहपारू पुलिस द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र चोरमरा में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रकरण में चोरी गया सम्पूर्ण सामान भी बरामद कर लिया गया है। फरियादिया द्वारा दिनांक 31.03.2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 30.03.2026 की रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र चोरमरा की खिड़की की रॉड तोड़कर अंदर प्रवेश कर शासकीय सैमसंग कंपनी की एल.ई.डी. टीवी एवं खाना बनाने के बर्तन, कुल कीमती 25,400/- रुपये चोरी कर लिए गए। उक्त रिपोर्ट पर थाना गोहपारू में अपराध धारा बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित किए गए एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही राजकुमार चौधरी पिता राकेश चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी भत्तू थाना जयसिंहनगर, हाल ननिहाल ग्राम चोरमरा थाना गोहपारू जिला शहडोल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से एलईडी टीवी एवं बर्तन, कुल कीमत 25,400/- रुपये, के बरामद किए गए। आरोपी को विधिवत आज दिनांक 05.04.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। सराहनीय भूमिका - उक्त कार्यवाही निरीक्षक राजकुमार मिश्रा थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में, प्र.आर. भुनेश्वर सिंह, प्र.आर.कोमल सिंह, आर. अजीत यादव, आर.मोनू शर्मा ,आर. गुरूदयाल उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## थाना ब्यौहारी पुलिस की कार्यवाही, 01 किलो 250 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**ब्यौहारी ।** पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक आरोपी को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दिनांक 03.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी का अपने घर में काफी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने हेतु रखा है प्राप्त मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ के जूनिया टोला ब्यौहारी रवाना रवाना होकर संदेही बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी के घर की तलाशी ली गई । जो संदेही के घर के किचन के कमरे में रैक के ऊपर एक टीने की पेटी के अंदर से मादक पदार्थ गांजा मिला जिसका वजन 01 किलो 250 ग्राम कीमती करीब 10,980 रू. का होना



पाया गया । आरोपी बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी पिता राजधर प्रसाद द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी को गिरफ्तारी किया जाकर आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 NDPS ACT का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान आरोपी बीरेश कुमार द्विवेदी उर्फ मुकेश द्विवेदी पिता राजधर प्रसाद द्विवेदी उम्र 51 वर्ष निवासी वार्ड न. 11 जूनिया टोला ब्यौहारी को आज दिनांक 04.03.2026 को माननीय न्यायालय शहडोल में पेश किया गया । सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जियाउल हक थाना प्रभारी ब्यौहारी के नेतृत्व में, उनि बालकरण प्रजापति, प्र.आर. महेन्द्रपाल शुक्ला, प्र.आर. हीरा सिंह , प्रआर नरेन्द्र उपाध्याय, आर. गंगा सागर गुप्ता, महिला आर. माधुरी साहू, आर. मोह अहमद एवं आर. रामजी गौतम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बटाला में सांप्रदायिक सद्भाव की नई मिसाल –एमएलए शेरी कलसी और चेयरमैन जतिंदर मसीह ने रखी मसीह चौक की नींव

**बटाला (अलेक्जेंडर डिसूजा)** (बटाला शहर के विकास और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। ईसाई समुदाय की वर्षों पुरानी मांग को सम्मान देते हुए पंजाब स्टेट माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमैन श्री जतिंदर मसीह गौरव और हल्का बटाला के विधायक श्री अमनशेर सिंह (शेरी) कलसी ने संयुक्त रूप से शहर में %मसीह चौक% का विधिवत नींव पत्थर रखा। ईसाई समुदाय को मिला सम्मान, उत्साह का माहौल विधायक शेरी कलसी के ईसाई समुदाय के प्रति विशेष लगाव और सम्मान के चलते इस मांग का पूरा होना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे यह आयोजन केवल एक निर्माण कार्य न रहकर सामुदायिक एकता और आपसी सद्भाव का प्रतीक बन गया। सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध~जतिंदर मसीह इस मौके पर चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव ने जनता को संबोधित



करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। अल्पसंख्यक समुदायों का विकास और उनकी भावनाओं का सम्मान हमारी प्राथमिकता है, और मसीह चौक की स्थापना इसी दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है। वादे के पक्के निकले विधायक शेरी कलसी विधायक शेरी कलसी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बटाला में मसीह चौक का निर्माण यहाँ के लोगों की एक बेहद भावुक और पुरानी मांग थी। उन्होंने दोहराया कि वे बटाला के चौतरफा विकास के लिए दिन-रात समर्पित हैं। इलाके के निवासियों और ईसाई समुदाय के नेताओं ने विधायक कलसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपना वादा निभाया है, बल्कि समुदाय की भावनाओं को समझकर उन्हें एक अनमोल तोहफा दिया है।

## ईस्टर ' विशेष– मृत्यु पर महाविजय का पर्व ईस्टर जब कब्र तोड़कर जीवित हो उठे प्रभु यीशु

दुनिया के इतिहास में कई महापुरुषों ने जन्म लिया, लेकिन प्रभु यीशु मसीह की गाथा मानवीय सोच और विज्ञान की सीमाओं से परे है।आज पूरा विश्व ईस्टर का पवित्र पर्व मना रहा है। यह दिन उस महान सत्य का गवाह है, जब ईसा मसीह ने मौत को मात देकर पूरी सृष्टि को अचंभित कर दिया था।

**साज़िश, सूली और अलौकिक चमत्कार**

प्रभु यीशु के प्रेम और सेवा भाव ने तत्कालीन कट्टरपंथियों को विचलित कर दिया था। बिना किसी शत्रुता के, उन्हें सूली पर चढ़ाने का षड्यंत्र रचा गया। यीशु ने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि वे ÷तीसरे दिन जी उठेंगे÷, जिसे विरोधियों ने भ्रम माना। गुड फ्राइडे को प्राण त्यागने के बाद, रोमन गवर्नर पिलातुस के आदेश पर उनकी कब्र को एक भारी पत्थर से सील कर कड़ा पहरा लगा दिया गया। लेकिन रविवार की सुबह इतिहास बदल गया~ एक तीव्र दिव्य रोशनी चमकी और धरती डोल उठी। कब्र का भारी पत्थर अपने आप लुढ़क गया। मौत को हराकर प्रभु यीशु जीवित बाहर आ गए। सत्य की जीत~ झूठ पर भारी पड़ा विश्वास~ जब सैनिकों ने पुजारियों को इस चमत्कार की जानकारी दी, तो सच दबाने के लिए सैनिकों को रिश्वत दी गई ताकि वे ÷शव चोरी÷ की झूठी कहानी फैला सकें। लेकिन सच्चाई छिप न सकी। यदि शरीर चोरी हुआ होता, तो कब्र में कपड़े इतने करीने से न रखे होते। इसी अटूट सत्य ने डरपोक चेलों को इतना निडर बना दिया कि उन्होंने पूरी दुनिया में प्यार और शहादत का पैगाम फैला दिया।

**ईस्टर एग्स**

नए जीवन और उम्मीद का प्रतीक~ईस्टर के जश्न में %ईस्टर एग्स% का होना महज़ एक परंपरा नहीं, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक अर्थ छिपा है। पुनर्जन्म का संदेश~ जिस तरह चूजा खोल तोड़कर बाहर आता है, अंडा यीशु के कब्र से बाहर आने और मृत्यु पर विजय का प्रतीक है। बलिदान की याद~ अंडों पर लाल रंग प्रभु यीशु के उस पवित्र रक्त को दर्शाता है, जो उन्होंने मानवता की मुक्ति के लिए बहाया। पवित्र ट्रिनिटी~ अंडे के तीन भाग (छिलका, सफेदी और जर्दी) ईसाई धर्म के %पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा%



के संगम को दर्शाते हैं। परंपरा और आधुनिकता का मेल बच्चों के लिए %एग हंट% और %एग रोलिंग% जैसे खेल आज भी उन्हें कब्र का पत्थर हटने की कहानी से जोड़ते हैं। आज भले ही असली अंडों की जगह चॉकलेट एग्स ने ले ली हो, लेकिन इनके पीछे छिपी %नई शुरुआत% की भावना आज भी उतनी ही जीवंत है। संदेश~ईस्टर हमें सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंततः जीत सच्चाई की ही होती है। प्रभु यीशु का जीवन हमें बिना भेदभाव मानवता की सेवा का मार्ग दिखाता है।

## व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूजा)।** व्यापारियों की जायज मांगों और शहर की बुनियादी समस्याओं को लेकर प्रशासन अब सख्त रुख अख्तियार कर चुका है। फरीदकोट की डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि व्यापारी समुदाय की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। आज यहाँ डिस्ट्रिक्ट ट्रेड यूनियन की एक विशेष समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों की शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर ढील नहीं दी जानी चाहिए। अधिकारियों को सख्त हिदायत-पेंडिंग काम तुरंत निपटाएं बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की। जिन विभागों के पास शिकायतें अभी भी लंबित (पैंडिंग) हैं, उन्हें फटकार लगाते हुए उन्होंने कहा कि जनता और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। पेंडिंग फाइलों का निपटारा बिना किसी देरी के सुनिश्चित करें। बैठक के मुख्य एजेंडे और चर्चा के विषय~मीटिंग में शहर के व्यावसायिक इलाकों से जुड़ी निम्नलिखित समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। ट्रैफिक और पार्किंग~बाजारों में बेतरतीब ट्रैफिक पर लगाम लगाने और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बुनियादी सुविधाएं~सीवरेज सिस्टम की सुचारू सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर शौचालयों (बाथरूम) की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था~शहर की सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की



कार्यप्रणाली जाँची गई ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन और यूनियन की मौजूदगी इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक पक्ष से एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जी) श्री संदीप मल्होत्रा, एसडीएम फरीदकोट श्री पुनीत शर्मा, एसडीएम कोटकपूरा श्री सुखराज सिंह, एसडीएम जैतो श्री विक्रमजीत और डीआरओ मैडम लवप्रीत कौर उपस्थित रहीं। वहीं, व्यापारी वर्ग का पक्ष रखने के लिए ट्रेड यूनियन के चेयरमैन श्री नरेश सिंगला और फरीदकोट चेयरमैन श्री गुरप्रीत सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए।

## समर्थ प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत डायल–112 पुलिसकर्मियों व पायलट को आपात स्थिति में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही

**छतरपुर पुलिस ।** समर्थ प्रशिक्षण अभियान÷ के अंतर्गत डायल-112 पुलिसकर्मियों व पायलट को आपात स्थिति में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही, CPR, स्ट्रेचर उपयोग एवं घायलों को सुरक्षित पहुंचाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण एडिशनल एसपी द्वारा डायल 112 पायलटों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया सम्मानित पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देशन में ÷समर्थ प्रशिक्षण अभियान÷ के अंतर्गत आकस्मिक पुलिस सेवा डायल-112 CPR वाहनों के पुलिसकर्मियों एवं चालकों/पायलटों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसी भी घटना की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर त्वरित प्रतिक्रिया देना, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना तथा मेडिकल इमरजेंसी में समय पर सहायता प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। रात में आने वाली घटनाओं में सावधानी बरतने तथा ड्यूटी के दौरान अनुशासन बनाए रखने हेतु निर्देश दिए। अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों एवं पायलटों को सम्मानित किया जा रहा है, वहीं कार्य में लापरवाही या आलस्य बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य पटले द्वारा घटनास्थल पर इवेंट मैनेजमेंट, फरियादियों से संवेदनशील व्यवहार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों एवं चालकों को आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसमें CPR (कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन), चोकिंग की स्थिति में सहायता, रक्तस्राव को नियंत्रित करने के तरीके, घायलों की सुरक्षित लिफ्टिंग, फोल्डिंग स्ट्रेचर के उपयोग तथा घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, डायल 112 पुलिस आकस्मिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पायलटों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ और उन्हें आगे भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में डीएसपी श्री हर्ष राठौर, रेडियो प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, चिकित्सा, डायल 112 पुलिसकर्मी एवं पायलट उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री का विज़न –डॉ. बलजीत कौर ने खुद की सैकड़ों मरीजों की आंखों की जांच, बांटी फ्री दवाइयां

**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और पेशेवर कुशलता का परिचय दिया। फरीदकोट की बलबीर बस्ती स्थित भगत रविदास धर्मशाला में एक विशाल फ्री आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जहाँ एक मंत्री नहीं, बल्कि एक विशेषज्ञ डॉक्टर के रूप में उन्होंने खुद मरीजों की आंखों का निरीक्षण किया। लायंस क्लब के सहयोग से मानवता की सेवा यह कैंप लायंस क्लब श्री मुक्तसर साहिब के सहयोग से आयोजित किया गया। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि यह नेक कार्य उन्होंने अपने पिता की पावन स्मृति में समर्पित किया है। कैंप में न केवल फरीदकोट बल्कि आसपास के इलाकों से भी भारी संख्या में बुजुर्ग और जरूरतमंद लोग पहुंचे। डॉ. बलजीत कौर का संदेश~%समय पर जांच ही बचाव मरीजों की जांच करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने आधुनिक जीवनशैली के खतरों के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोतियाबिंद और काला मोतियाबिंद जैसी बीमारियां तेजी से पांव पसार रही हैं। अगर हम समय रहते आंखों की जांच करवा लें, तो अंधेपन जैसी गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। सरकार का लक्ष्य घर-घर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। कैंप की मुख्य विशेषताएं फ्री दवाइयां और चश्मे~चेकअप के बाद सैकड़ों मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयां और नजर के चश्मे वितरित किए गए। निशुल्क सर्जरी~जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई है, उन्हें चिन्हित किया गया है। जल्द ही सरकारी स्तर पर उनके आंखों में फ्री लेंस डाले जाएंगे। विशेषज्ञ टीम~ डॉ. बलजीत कौर के साथ सिविल अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ ने भी अपनी सेवाएं दीं। जनता ने सराहा मंत्री का अंदाज़ कैंप में आए मरीजों ने पंजाब सरकार और डॉ. बलजीत कौर की जमकर तारीफ की। लोगों का कहना था कि यह पहली बार है जब कोई कैबिनेट मंत्री खुद जमीन पर उतरकर एक डॉक्टर की तरह जनता का इलाज कर रहा है। इस अवसर पर इलाके की कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां भी मौजूद रहीं, जिन्होंने लायंस क्लब और मंत्री के इस सांझे प्रयास की सराहना की।

# फरीदकोट अनाज मंडी में तख्तापलट –विवादित कमेटी भंग, एडहॉक कमेटी ने संभाला मोर्चा



**फरीदकोट (अलेक्जेंडर डिसूज़ा)।** फरीदकोट की नई अनाज मंडी में आढ़तिया एसोसिएशन के प्रधान पद को लेकर छिड़ा विवाद सोमवार को बड़े धमाके के साथ शांत हुआ। मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित जनरल हाउस की समय नियुक्त मीटिंग में लोकतांत्रिक मूल्यों की दुहाई देते हुए पुरानी विवादित कमेटी को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया गया। मंडी के भाईचारे को बचाने के लिए सर्वसम्मति से तीन सदस्यीय %एडहॉक कमेटी% का गठन किया गया जोकि हफ्ते बाद पक्की कर दी जाएगी। बंद कमरे के फैसलों पर फूटा गुस्सा मीटिंग के दौरान भारी संख्या में मौजूद आढ़तियों ने बंटी गर्ग व समूह कमेटी के मैंबरों के चुनाव को असंवैधानिक करार दिया। कमीशन एजेंटों का आरोप है कि पिछला चुनाव पारदर्शी नहीं था, बल्कि कुछ लोगों ने बंद कमरे में अपनी मर्जी थोपी थी। आढ़तियों ने स्पष्ट किया कि मंडी की एकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ÷मेरी गैर-मौजूदगी में मुझे संरक्षक घोषित कर खुद अध्यक्ष बन जाना पूरी तरह गलत है। मेरे लिए मंडी का भाईचारा किसी भी कुर्सी या पद से कहीं ऊपर है÷ वीरेंद्र कुमार बंसल बिंदरी (संरक्षक)। नई एडहॉक कमेटी की जिम्मेदारी-विवाद के निपटारे और नई व्यवस्था बनाने के लिए गठित इस कमेटी में निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया है वीरेंद्र कुमार बंसल बिंदरी, एडवोकेट पीयूष बंसल व राज मचाकी। कमेटी का रोडमैप-समय सीमा- एडहॉक कमेटी को पिछली कमेटी के सदस्यों से संपर्क साधकर आपसी सहमति बनाने के लिए एक हफ्ते का समय नियुक्त किया गया है। अंतिम विकल्प-यदि एक सप्ताह के भीतर सर्वसम्मति नहीं बनती है, तो लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए इन तीनो मैंबरों को ही पक्का कर और मैम्बर्स को लेकर नई कमेटी घोषित कर दी जाएंगे।

**रबी सीजन पर फोकस**

सीजन की शुरुआत को देखते हुए नई कमेटी ने आढ़तियों को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक या व्यापारिक स्तर पर किसी को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। एडवोकेट पीयूष बंसल ने एकता का संदेश देते हुए सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

**मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित**

इस महत्वपूर्ण बैठक में राज मचाकी, विपन कुमार गर्ग, ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद बंसल, राहुल जैन, अश्वनी गांधी, महेंद्र बंसल, सुरजीत संधू, रवि गोयल, अनिल कुमार केतु, रंजीत सिंह, राजेश कुमार, कपिल जैन, विकास गर्ग, राहुल बंसल, धर्मपाल, रवि बंसल, सुधीर छाबड़ा, राजिंदर कुमार, पंकज बंसल, साहिल सुखीजा, राज कुमार गुप्ता (हरिओम), इकबाल सिंह रोमाना और नीलू पहलवान सहित बड़ी संख्या में कमीशन एजेंट हाजिर थे।

## बीच चौराहे पर सनसनी- ट्रक में फंदे से लटका मिला शव, हत्या की आशंका से दहशत



**ब्यौहारी, मध्य प्रदेश 7 6 अप्रैल 2026 यस न्यूज़ प्रतिनिधि- विनय द्विवेदी (94247 77542)** शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब व्यस्त टंकी तिराहा के पास एक ट्रक में फंदे के सहारे लटका हुआ शव मिला। यह स्थान मुख्य चौराहे से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित है, जहां आमतौर पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे व्यस्त इलाके में इस तरह की घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक उत्तर प्रदेश नंबर का बताया जा रहा है और प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि मृतक ट्रक का ड्राइवर या मालिक हो सकता है। हालांकि, अभी तक मृतक की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, जिससे मामले में रहस्य और गहरा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही ब्यौहारी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। साथ ही ट्रक के दस्तावेजों और अन्य सुरागों के आधार पर मृतक की पहचान करने का प्रयास जारी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला आत्महत्या का है या हत्या का, लेकिन जिस परिस्थिति में शव मिला है, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि यह सुनियोजित हत्या भी हो सकती है, जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई हो। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और हर एंगल को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इस सनसनीखेज घटना के बाद इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है, वहीं लोग जल्द से जल्द मामले के खुलासे की मांग कर रहे हैं।



## शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 15 अप्रैल से

**शहडोल 06 अप्रैल 2026-यस न्यूज़ मैनेजिंग एडिटर विनय मेहरा की रिपोर्ट (8349627682)** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल ने जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार गेहूं खरीदी की तिथियों में संशोधन किया गया है। अब इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा, जबकि शेष संभागों में यह प्रक्रिया 15 अप्रैल 2026 से शुरू की जाएगी।उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन शहडोल जिले में 15 अप्रैल 2026 से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गेंहू खरीदी 2625 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 40 रूपए प्रति क्विंटल बोनस का लाभ भी इस वर्ष देने जा रही है।




## शहडोल- स्वास्थ्य विभाग में फर्जी ग्रुप डी नियुक्ति का सनसनीखेज खुलासा, सोशल मीडिया पर बवाल

**शहडोल 06 अप्रैल 2026-यस न्यूज़ मैनेजिंग एडिटर विनय मेहरा की रिपोर्ट (8349627682)** स्वास्थ्य विभाग में ग्रुप डी आउटसोर्स कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति आदेश सोशल मीडिया और WhatsApp ग्रुप में वायरल होने से हड़कंप मच गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने साफ कहा कि ये आदेश पूर्णतः फर्जी हैं और उनके कार्यालय द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया। सोशल मीडिया में उनके पदमुद्रा का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ग्रुप डी कर्मचारियों की नियुक्ति श्रीकृष्णा सिक्योरिटी सर्विसेस, भोपाल द्वारा नियंत्रित और अधिकृत रूप से ही की जाती है। इस फर्जी आदेश की जानकारी कंपनी के स्थानीय सुपरवाइज़र ने तुरंत पुलिस अधीक्षक शहडोल को 06 अप्रैल 2026 को भेजी गई पत्र के माध्यम से दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया और WhatsApp ग्रुप में प्रसारित होने वाले किसी भी फर्जी आदेश से सतर्क रहें और अफवाहों में न फंसे।




## कृषि मंडी में उमड़ी किसानों की भीड़, एसडीएम ने देखी व्यवस्थायें



**गंजबासौदा ।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में मार्च क्लोजिंग और त्योहारों की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार को उपज मंडी में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। स्थिति को देखते हुए एसडीएम अनुभा जैन ने मौके पर पहुंचकर मंडी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटों और कुछ व्यापारियों के कांटों की जांच की गई। साथ ही किसानों के लिए पेयजल व्यवस्था, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था और तुलाई में आ रही छोटी मोटी समस्याओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**इनका कहना है कि**

मंडी में किसानों की संख्या अधिक है, व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए निरीक्षण किया गया है। तुलाई में पारदर्शिता और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

**अनुभा जैन, एसडीएम, गंजबासौदा**

## थाना गोहपारू पूलिस द्वारा शासकीय आंगनवाड़ी में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार चोरी का सामान बरामद

गोहपारू पुलिस द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र चोरमरा में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रकरण में चोरी गया सम्पूर्ण सामान भी बरामद कर लिया गया है। फरियादिया द्वारा दिनांक 31.03.2026 को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 30.03.2026 की रात्रि में अज्ञात आरोपी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र चोरमरा की खिड़की की रॉड तोड़कर अंदर प्रवेश कर शासकीय सैमसंग कंपनी की एल.ई.डी. टीवी एवं खाना बनाने के बर्तन, कुल कीमती 25,400/- रुपये चोरी कर लिए गए। उक्त रिपोर्ट पर थाना गोहपारू में अपराध धारा बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित किए गए एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही राजकुमार चौधरी पिता राकेश चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी भत्तू थाना जयसिंहनगर, हाल ननिहाल ग्राम चोरमरा थाना गोहपारू जिला शहडोल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से एलईडी टीवी एवं बर्तन, कुल कीमत 25,400/- रुपये, के बरामद किए गए। आरोपी को विधिवत आज दिनांक 05.04.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। सराहनीय भूमिका - उक्त कार्यवाही निरीक्षक राजकुमार मिश्रा थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में, प्र.आर. भुनेश्वर सिंह, प्र.आर.कोमल सिंह, आर. अजीत यादव, आर.मोनू शर्मा ,आर. गुरूदयाल उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा ।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी गंजबासौदा-ग्यारासपुर द्वारा सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि उपज मंडी समिति के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जुटे किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए, अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के बाद किसान कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभा जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि सहकारी बैंक में केसीसी जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए, ताकि वंचित किसानों को लाभ मिल सके। मसूर की खरीदी समर्थन मूल्य पर 2 क्विंटल प्रति बीघा की सीमा बढ़ाकर 4 क्विंटल की जाए। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी समय पर प्रारंभ कराई जाए। मंडियों में समर्थन मूल्य से कम दाम पर हो रही खरीदी पर रोक लगाई जाए। मंडी परिसर में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और अन्य व्यवस्थाएं सुधारी जाएं। किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान और पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए। किसान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी, विधानसभा प्रभारी तोरण सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य प्रकाश सेन, मंजू कुशवाह, सुजीत सराठे, अनिल पाठक, कमल सिंह रघुवंशी, कुलदीप सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ड्रग्स के खिलाफ महा–अभियान– फरीदकोट पुलिस ने करोड़ों की नशीली खेप की राख–9 करोड़ की संपत्ति कुर्क





**फरीदकोट, 6 अप्रैल (अलेक्जेंडर डिसूजा) ।** पंजाब को नशामुक्त बनाने के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के विजन को धरातल पर उतारते हुए फरीदकोट पुलिस ने आज नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार किया है। आई.जी. फरीदकोट रेंज नीलांबरी जगदाले और एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन के नेतृत्व में पुलिस ने विभिन्न मामलों में जब्त की गई भारी मात्रा में ड्रग्स को पूरी पारदर्शिता के साथ नष्ट कर दिया। पावर प्लांट में भस्म हुई नशे की खेप आई.जी. नीलांबरी जगदाले ने खुद स्ढ्ढरुलिमिटेड पावर प्लांट (सेडा सिंह वाला) में उपस्थित रहकर नशीले पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया की निगरानी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि आज एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के 32 विभिन्न मामलों से संबंधित नशीले पदार्थों को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया गया है। नष्ट किए गए ड्रग्स का ब्यौरा- हेरोइन- 13.7 किलोग्राम से अधिक पोस्ता (भुक्की)- 59.400 किलोग्राम नशीली गोलियां/कैप्सूल- 5,131, आइस ड्रग- 510 ग्राम तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ी-9 करोड़ की प्रॉपर्टी फ्रीज एसएसपी फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने जिले में जारी कार्रवाई के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि पुलिस केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि तस्करों के आर्थिक साम्राज्य को भी नेस्तनाबूत कर रही है।÷मार्च 2025 से अब तक पुलिस ने 1,199 मामले दर्ज कर 1,800 आरोपियों को जेल भेजा है। सबसे बड़ी कार्रवाई के तहत पिछले 19 महीनों में तस्करों की 9 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति फ्रीज की जा चुकी है÷-डॉ. प्रज्ञा जैन, एसएसपी फरीदकोट जनता के लिए जारी की हेल्पलाइनपुलिस प्रशासन ने आम जनता से इस जंग में साथ देने की अपील की है। एसएसपी ने साझा किया कि नशा बेचने वालों की सूचना देने के लिए पंजाब सरकार की विशेष हेल्पलाइन 97791-00200 पर संपर्क किया जा सकता है। सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।एक नजर में- आज नष्ट किए गए पदार्थड्रग का प्रकारमात्राहेरोइन (हाई लेवल कमिटी)11 किलो 880 ग्रामहेरोइन (डिस्ट्रिक्ट लेवल कमिटी)01 किलो 829 ग्रामपोस्ता भूसी59 किलो 400 ग्रामनशीली गोलियां/कैप्सूल 5,131 (कुल)आइस ड्रग 510 ग्राम।



## महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को नकद राशि प्रदान कर किया जायेगा पुरस्कृत



**गंजबासौदा ।** स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. विमल चंद ओसवाल का 78 वें जन्मोत्सव पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर सांस्कृतिक बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ महाविद्यालय के छात्रों एवं संस्था के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। मालूम हो कि बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष और शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विमल चंद ओसवाल के जन्मोत्सव का नागरिक अभिनंदन समारोह स्थानीय श्री लालबहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाज के बुद्धिजीवियों समाज सेवियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। समाज सेवी डॉ. ओसवाल ने महाविद्यालय की प्रत्येक कक्षा में मेरिट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को 11 हजार रुपये की राशि से सम्मानित करने की घोषणा की तो वही वही संस्था के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. ओसवाल का अभिनंदन करते हुए प्राचार्य डॉ. इन्द्रा दुबे, उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, पूर्व प्राचार्य डॉ. एस एन गौर, पूर्व प्राध्यापक डॉ. चौधरी, समिति सदस्य हरि कृष्ण अग्रवाल, अनिल ओसवाल एवं शांतिप्रकाश ओसवाल सहित समिति पदाधिकारी एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रदेश की आदिवासी एवं ग्रामीण संस्कृति कला को प्रदर्शित करती कलाकृति भेंट कर किया गया। समिति सदस्य रविंद्र जैन और प्राध्यापक भास्कर दुबे द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में विधि विभागाध्यक्ष आर आर द्विवेदी, कामर्स विभाग प्रमुख डॉ. मनोज सक्सेना, कला संकाय प्रमुख एवं एनसीसी प्रभारी मनीष चांचर, कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर वेद प्रकाश स्वर्णकार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अजय सेंगर, एन एसएस प्रभारी नम्रता अरोरा, एमएस गुर्जर, कुलेन्द्र श्रीवास्तव, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार, हिंदी विभाग से प्रो. दिनकर कादरे सहित अन्य लोगों ने डॉ. विमल ओसवाल का आत्मीय स्वागत किया।

# भोपाल में भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा, मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना



**भोपाल।** श्वेतांबर जैन समाज द्वारा राजधानी भोपाल में भगवान महावीर जन्म कल्याणक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्वेतांबर जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्री आदिनाथ जिनालय तुलसी नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्ण कलश से अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। तुलसी नगर से निकली शोभायात्रा में चांदी की रजतमय पालकी में विराजित भगवान महावीर की प्रतिमा श्रद्धा का केंद्र रही। श्रद्धालु पालकी को कंधे पर रखकर ह्वत्रिशला नंदन वीर की जयह्व, ह्वबोलो महावीर की जयह्व और ह्वविश्व का कल्याण अहिंसा से होगाह्व जैसे जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। बच्चों ने धर्म ध्वज थामकर विश्व शांति और बंधुत्व का संदेश दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष आर.के. पारेख एवं पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कोठारी ने बताया कि शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। यहां धर्म ध्वज फहराया गया और केसरिया झंडे के साथ जिन शासन के महत्व तथा सत्य, अहिंसा और करुणा का संदेश दिया गया।

प्रभु महावीर की भक्ति पूजा के मुख्य पुण्यार्जक श्रीमती शुभा अरिहंत गोठी परिवार रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि भगवान महावीर के संदेशों से ही विश्व में शांति, प्रेम और वात्सल्य बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि हमें महावीर स्वामी के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर परिवार, समाज, प्रदेश और देश में सद्भाव का वातावरण बनाना चाहिए। आदिनाथ महिला मंडल की सदस्यों ने भजनों के माध्यम से प्रभु भक्ति प्रस्तुत की। वहीं सिटी मंदिर में भगवान महावीर का विशेष श्रृंगार किया गया। श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तातेड ने बताया कि यहां 24 तीर्थंकर पूजा के साथ भगवान महावीर विधान किया गया। सायंकाल महावीर गिरी एयरपोर्ट रोड स्थित तीर्थ में महाआरती आयोजित की जाएगी, जिसके लिए विशेष सजावट की गई है। प्रवक्ता अंशुल जैन ने जानकारी दी कि श्वेतांबर जैन मंदिर शंखेश्वर पार्श्वनाथ, इंद्रविहार पिपलानी, दादावाड़ी पंचवटी तथा कोहेफिजा सहित अन्य स्थानों पर भी महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भोपाल में 50 LPG सिलेंडर जब्त, महंगे दामों पर बेचने की तैयारी; फूड विभाग की कार्रवाई



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। राजधानी भोपाल के बैरागढ़ चीचली इलाके में मंगलवार, 31 मार्च 2026 को खाद्य विभाग की टीम ने दबिश देकर एक घर से 50 गैस सिलेंडर अवैध रूप से स्टॉक किए हुए बरामद किए। अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा बनाकर मकान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, विभाग को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में सिलेंडरों को जमा कर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। इसके बाद फूड विभाग की टीम ने छापेमारी की और घर में बड़ी संख्या में घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडर पाए गए। प्राथमिक जांच में सामने आया कि इन्हें जरूरतमंद उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर बेचने की तैयारी थी। कार्रवाई के दौरान सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया और संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

# एमपी में आउटसोर्स एम्प्लॉइमेंट सिस्टम बदलेगा, डिजिटल अपॉइंटमेंट और सीधे खाते में सैलरी




**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग व्यवस्था को डिजिटल किया जाएगा। नई गाइडलाइन लागू होने के बाद कर्मचारियों की नियुक्ति, उपस्थिति और भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगी। इससे लाखों आउटसोर्स कर्मचारियों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिलेगा और बिचौलियों की भूमिका कम होगी। नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों का वेतन सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। निजी एजेंसियों के पास सैलरी वितरण का अधिकार नहीं रहेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि न्यूनतम वेतन से कम भुगतान नहीं किया जाएगा। साथ ही कर्मचारियों के ईपीएफ, ईएसआईसी और अन्य श्रम कानूनों से जुड़े लाभ भी अनिवार्य रूप से लागू होंगे। इससे आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगेगी और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा। सरकार ने उन कंपनियों पर भी सख्ती करने का निर्णय लिया है जो नौकरी दिलाने के नाम पर एंट्री फीस या सिक्योरिटी डिपॉजिट वसूलती हैं। ऐसी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। वित्त विभाग ने सभी विभागों को आउटसोर्सिंग एजेंसी मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने के निर्देश जारी किए हैं, जिससे नियुक्ति और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। नई नीति के तहत कर्मचारियों को चार श्रेणियों–स्थायी, अस्थायी, संविदा और आउटसोर्स–में वर्गीकृत किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की अस्पष्टता न रहे। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी तरह की एंट्री फीस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरकार का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से भ्रष्टाचार कम होगा, कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित होंगे और प्रशासनिक निगरानी भी मजबूत होगी।

# रोगियों के उपचार प्रयासों में सेवा भाव प्रमुख : राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल ने की लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा




**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा मानवता की सेवा है। इससे आत्म संतोष मिलता है। प्रदेश को सिकल सेल और टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों में सेवा भाव को सर्वोपरि होना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को लोकभवन में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा जवाहर खण्ड सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पात्रता आदि की समुचित जानकारी दें। प्रदेश स्तरीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शून्य से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों की विशेष तौर पर जाँच करें। जाँच शिविरों में आमजन को बताएँ कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सिकल सेल एनीमिया का इलाज कवर होता है। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत सिकल सेल रोगियों के इलाज की जिलेवार समीक्षा की।

**जन प्रतिनिधि पोषण आहार वितरण में करें सक्रिय सहयोग-** राज्यपाल श्री पटेल ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण में सक्रिय सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल ने निःक्षय मित्रों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में और अधिक निःक्षय मित्रों को जोड़कर पोषण आहार वितरण को बढ़ाने के प्रयासों पर बल देने के निर्देश दिए है।

**खनन क्षेत्रों में भी कराएं टी.बी. की सघन जाँच** राज्यपाल श्री पटेल ने खनन क्षेत्रों में निवासरत और कार्यरत व्यक्तियों की टी.बी. जाँच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिकल सेल जाँच लक्ष्य एवं पूर्ति, जेनेटिक कार्ड वितरण, हाईड्राक्सी यूरिया की उपलब्धता, गर्भावस्था में माताओं और शिशुओं का सिकल सेल प्रबंधन, सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान योजना का लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, 125 दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान आदि विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति, सिकल सेल और टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न मानको को शत-प्रतिशत पूरा करने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री पटेल को आयुष विभाग के प्रमुख सचिव श्री शोभित जैन ने जिलेवार दवा वितरण, घर-घर दवाई वितरण, जाँच आदि कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। श्री जैन ने अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिलों में औषधि वितरण के विशेष प्रयासों और नवाचारों की जानकारी भी दी।राज्यपाल श्री पटेल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों, सघन स्क्रीनिंग, 100 दिवसीय निःक्षय अभियान, निःक्षय मित्र, पोषण आहार वितरण आदि की जानकारी दी। राज्यपाल श्री पटेल के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों की टी.बी. जाँच, परामर्श, उपचार आदि के बारे में भी बताया। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव श्री अशोक कुमार बर्णवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती मीनाक्षी सिंह, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और लोकभवन के अधिकारी मौजूद रहे।

# राज्यसभा चुनाव पर सज्जन वर्मा का बयान, बोले- हम पहुंच गए तो कई नेताओं की 'दुकान' बंद हो जाएगी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के भीतर सियासी हलचल तेज हो गई है। उम्मीदवार चयन को लेकर नेताओं की बयानबाजी के बीच पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का बड़ा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी के अंदर चर्चा को और तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि उनके जैसे नेता राज्यसभा पहुंच जाते हैं तो कई नेताओं की ह्वदुकानह्व बंद हो जाएगी। इस बयान के बाद कांग्रेस में दावेदारी को लेकर मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं।

सज्जन सिंह वर्मा ने राज्यसभा उम्मीदवारी पर अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि उनके मन में भी राज्यसभा जाने की इच्छा है, लेकिन ऐसे नेताओं के लिए अवसर मिलना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं का पूरे प्रदेश में मजबूत नेटवर्क है, वे राज्यसभा में पहुंचते हैं तो अन्य नेताओं की सक्रियता और प्रभाव कम हो सकता है। उनके इस बयान को कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान से जोड़कर देखा जा रहा है।

मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता अपनी दावेदारी जता चुके हैं। पार्टी के अंदर संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर चर्चा जारी है। ऐसे में सज्जन वर्मा के बयान ने पार्टी के भीतर प्रतिस्पर्धा और बढ़ा दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बयान कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों की ओर संकेत करता है, जहां राज्यसभा सीट के लिए कई नेता सक्रिय हैं।

हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक उम्मीदवार को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही नाम तय करेगा। वहीं वर्मा के बयान के बाद कांग्रेस में आंतरिक रणनीति और दावेदारों के बीच तालमेल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर रीजन में बारिश का अलर्ट, आधे मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश के आसार



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी हैं, जबकि बाकी क्षेत्रों में गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अप्रैल के पहले सप्ताह के लिए अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि अगले पांच दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी और हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार अगले 15 घंटों तक इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर संभाग में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की संभावना है। पिछले 24 घंटों में इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में कहीं-कहीं बारिश दर्ज की गई, जबकि भोपाल और ग्वालियर संभाग में भी कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। वहीं तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। छतरपुर जिले के खजुराहो में लगातार दूसरे दिन तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक रहा। नर्मदापुरम में पारा 40.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दूसरी ओर चित्रकूट में न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सबसे कम रहा। चंबल संभाग में रात के तापमान में 2.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और आंधी-बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

# भोपाल में युवा विधायक सम्मेलन का समापन, 2047 से पहले विकसित भारत का लक्ष्यः राज्यसभा उपसभापति हरिवंश



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा भवन में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन का समापन मंगलवार को हुआ। सम्मेलन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों ने भाग लिया। समापन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सम्मेलन में ह्वविकसित भारत 2047ह्व, युवा विधायकों की भूमिका और सुशासन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने कहा कि भारत तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और वर्तमान गति को देखते हुए 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विधायकों को नवाचार, तकनीक और अध्ययन पर जोर देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि 2014 के बाद देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है, स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और हाईवे निर्माण की गति भी कई गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि तकनीक और नवाचार देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि युवा विधायकों को अध्ययन की सीमा बढ़ानी चाहिए और समस्याओं के समाधान के लिए संवाद को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों के विधायकों ने सीमाओं से ऊपर उठकर विचार साझा किए, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सकारात्मक संकेत है। सम्मेलन में पारदर्शी विकास, रोजगार सृजन, पलायन रोकने, एआई और तकनीक के उपयोग, सोलर ऊर्जा को बढ़ावा, जनसंवाद, शिक्षा, नशामुक्ति और सुशासन जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान ह्वमध्यप्रदेश विधानसभा के 7 दशकह्व स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन में तीनों राज्यों के 40 से अधिक विधायकों ने भाग लिया और समापन के बाद प्रतिभागी उज्जैन रवाना हुए।

### निगम ने सभी 85 वार्डों में आयोजित की जल सुनवाई

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर स्वच्छ जल अभियान के तहत आयोजित की "जल सुनवाई"




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ जल अभियान के तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को समस्त वार्डों में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है साथ ही जल परीक्षण एवं लीकेज सुधार आदि संबंधी कार्यवाही भी नियमित रूप से की जा रही है। निगम के सभी 85 वार्डों में जल सुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें किसी भी वार्ड में जल परीक्षण हेतु कोई नमूना प्राप्त नहीं हुआ और ना ही किसी नागरिक ने कोई शिकायत दर्ज कराई। निगम के जलकार्य विभाग के अमले ने नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 158 जल नमूने एकत्र किए और 48 स्थानों पर लीकेज सुधारे तथा 09 शिकायतों का निराकरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ जल अभियान के तहत आमजन को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने संबंधी निदेर्शों के परिपालन में निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन द्वारा दिए गए आदेश पर नगर निगम, भोपाल के सभी वार्ड कार्यालयों में मंगलवार, 31 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जल सुनवाई आयोजित की गई। निगम अमले ने जल परीक्षण हेतु नमूने एकत्र करने व लीकेज सुधार की नियमित कार्यवाही के तहत संपूर्ण शहर के विभिन्न स्थानों से 158 जल के नमूने एकत्र किए। एकत्र जल नमूनों का परीक्षण 08 परीक्षण शालाओं में किया जा रहा है। निगम अमले ने शहर के 48 स्थानों पर पाईप लाईनों के लीकेज सुधारे और सी. एम. हेल्पलाईन एवं महापौर हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 09 शिकायतों का निराकरण भी किया। निगम अमले ने वर्तमान तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 14957 जल के नमूने एकत्र किए जिसमें झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 6851 नमूने भी सम्मिलित हैं। इसी प्रकार निगम अमले ने अभी तक कुल 3424 लीकेज सुधारे तथा 10078 स्थानों पर सीवेज चेम्बरों की सफाई भी कराई।

# निगम-मंडलों में नियुक्तियों की सूची तैयार

## केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी मिलते ही होगी जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों का लंबा इंतजार अब जल्द खत्म हो सकता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में हुई बैठक में संभावित नामों की सूची लगभग तय कर ली गई है। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल शामिल रहे। मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश संगठन के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार इस सूची में 50 से ज्यादा नेताओं के नाम शामिल हैं। इससे पहले केंद्रीय नेतृत्व ने सूची वापस भेजकर कुछ और नाम जोड़ने को कहा था, जिसके बाद प्रदेश संगठन ने इसमें संशोधन किया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सूची को लेकर दिल्ली जा सकते हैं। केंद्रीय



नेतृत्व की मंजूरी मिलने के बाद नियुक्तियों का ऐलान किया जाएगा। संभावना है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में इन पदों पर नियुक्तियां हो सकती हैं। जहां-जहां नामों को लेकर विवाद की स्थिति है, वहां फिलहाल नियुक्तियां टाली जा सकती हैं। बाकी पदों पर सहमति बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। बता दें इससे पहले प्रदेश में 123 नगर परिषद और 46 नगर पालिका में 750 से अधिक एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई। साथ ही ग्वालियर से आने वाले फायर ब्रांड हिंदूवादी नेता जयभान सिंह पवैया को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बनाया। 4 और 5 को होगी संघ की समन्वय बैठक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक 4 और 5 अप्रैल को भोपाल के शारदा विहार में होगी। इसमें संघ के 37 अनुशांगिक संगठनों के साथ भाजपा भी शामिल होगी। समन्वय बैठक में पार्टी के ओर से प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हो सकते हैं। समन्वय बैठक की तैयारियों को लेकर सीएम हाउस में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा की। इस बैठक में संघ पदाधिकारी दीपक विस्पुते, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय मौजूद थे। भोपाल में होने वाली समन्वय बैठक में संघ के सह कार्यवाह अरुण कुमार भी शामिल होंगे। अरुण कुमार संघ और भाजपा में समन्वय का काम देखते हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक हाल ही में हुई है। ऐसे में राजधानी में होने वाली समन्वय बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक में संघ एक साल की कार्ययोजना पर भी चर्चा करेगा। इसके अलावा संघ अपने 32 अनुशांगिक संगठनों के दायित्वों में बदलाव को लेकर भी चर्चा करेगा। संघ की इस बैठक से पहले सत्ता और संगठन के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। आरएसएस ने अपनी संगठनात्मक संरचना में बदलाव किया है।

### सत्ता-संगठन में नियुक्तियों पर जोर

*दरअसल प्रदेश में साल 2027 में नगरीय निकाय चुनाव होना है। इसके बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो जाएगी। इधर, सरकार और संगठन पिछले कई महीने से राजनीतिक नियुक्तियां करने की तैयारी में जुटा है, लेकिन अब तक निगम मंडल और बड़े शहरों के विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। संघ इनमें जल्द नियुक्ति का पक्षधर है। संघ की इच्छा को ध्यान में रख नगर पालिका और नगर परिषदों में 768 एल्डरमैन की नियुक्तियां की गई हैं। अब जल्द ही प्रदेश के 16 नगर निगमों में भी एल्डरमैन की नियुक्ति करने की तैयारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को कार्यभार संभाले हुए करीब 8 महीने हो गए हैं। अब तक संगठन की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। समन्वय बैठक में इस पर चर्चा हो सकती है। कार्यकारिणी घोषित होने के बाद भाजपा प्रदेश कार्य समिति की बैठक आयोजित करेगी। भाजपा की पिछली कार्यकारिणी में 237 सदस्य थे। इस बार कार्यकारिणी में सदस्यों की संख्या बढ़ सकती है। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संकेत दे दिए हैं कि अप्रैल में विस्तारित टीम के साथ पहली कार्यसमिति बैठक आयोजित होगी। इससे पहले सभी नियुक्तियां की जा रही हैं। इस बार कार्यकारिणी में युवा और नए चेहरों को शामिल करके पार्टी संगठन में नई ऊर्जा भरने की कोशिश में है। इसके लिए प्रदेश स्तर ही नहीं, अब जिला और मंडल स्तर पर भी संगठनात्मक गतिविधियां काफी तेज हो गई हैं।*

# मप्र में प्रोफेसर्स की वरिष्ठता सूची गड़बड़ाई

## दो हिस्सों में बंटे विभागीय कार्यालयों ने बढ़ाई उलझन

**भर्ती नियमों में हर दस साल में यूजीसी रेगुलेशन को समन्वित किया जाना चाहिए, लेकिन प्रदेश में लंबे समय से इसमें संशोधन नहीं किया गया।**

**भोपाल।** मप्र में उच्च शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली इस कदर गड़बड़ाई हुई है कि एक को सुधारने में दूसरी उलझन बढ़ जा रही है। खासकर प्रोफेसरों की वरिष्ठता सूची तो ऐसी गड़बड़ाई है कि किसी को कुछ समझ में ही नहीं आ रहा है। आलम यह है कि उच्च शिक्षा विभाग ने 2011 के बाद से असिस्टेंट प्रोफेसरों की वरिष्ठता सूची ही नहीं बनाई है, जबकि नियमानुसार यह ग्रेडेशन लिस्ट हर साल या अधिकतम 3 साल में जारी होनी चाहिए थी। हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2024 में तत्कालीन आयुक्त निशांत वरवड़े के कार्यकाल में जो प्रोविजनल सूची जारी हुई थी, विभाग ने अब उसे रिजेक्ट कर दिया है। अब विभाग 2026 में वापस पीछे लौट गया और 2012 की प्रोविजनल सूची जारी कर दी है। एक ओर इससे प्रोफेसर्स की सीनियरिटी को लेकर असमंजस और बढ़ गया हैं। नियमानुसार 2024 में जारी सूची को अद्यतन मानते हुए 2023 तक की स्थिति स्पष्ट मानी जा रही थी। इसके विपरीत 2026 में 2012 की प्रोविजनल सूची जारी होना यह दशार्ता है कि अभी विभाग को केवल 2011 तक की स्थिती स्पष्ट है। 2012 से नियमित तौर पर सूची न बनाना और अब पिछले दो साल में आयुक्त कार्यालय और मंत्रालय स्तर पर अलग-अलग कार्यवाही करना प्रश्न खडे करता है। सूत्रों के अनुसार नई सूची पर विभाग को ढेरों आपत्तियां मिल चुकी हैं। इन विसंगतियों के चलते आने वाले दिनों में कोर्ट केस बढने.की पूरी संभावना जताई जा है, जिससे पूरी प्रक्रिया और अधिक उलझ सकती है। सामने आ रही खामियां इधर, 2012 की सूची में 2006 से 2009 के बीच के कई ऐसे शिक्षकों को असिस्टेंट प्रोफेसर बताया गया है, जो अब एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर बन चुके हैं। इन्हें वर्ष 2018 में डीपीसी की अनुशंसा के बाद प्रोफेसर का पदनाम दिया जा चुका था। पदनाम का लाभ लेकर 933 शिक्षक प्रोफेसर बन चुके हैं और आगे चलकर इनमें से कई एडिशनल डायरेक्टर, कुलगुरु व प्राचार्य जैसे पदों तक पहुंच गए। इन पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने से वरिष्ठ प्रोफेसरों की गोपनीय प्रविष्टियां (सीआर) तक लिखीं। वहीं करीब 70 प्राफेसर जिन्हें यह लाभ नहीं मिला, उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। अब 2025 में कोर्ट में विभाग ने कहा है कि भर्ती नियमों में पदनाम का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में पदनाम के आधार पर हुए प्रमोशन, नियुक्तियां और उनसे जुड़े प्रशासनिक निर्णयों की स्थिति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भर्ती नियमों में हर दस साल में यूजीसी रेगुलेशन को समन्वित किया जाना चाहिए, लेकिन प्रदेश में लंबे समय से इसमें संशोधन नहीं किया गया। सूत्रों के अनुसार 1990 के बाद 2015 में केवल आंशिक संशोधन किया गया। अब कहीं 2018 के नियमों से प्रोफेसरों की सीआर लिखी जा रही है, जबकि कई प्रक्रियाएं पुराने नियमों से संचालित हो रही हैं। यही असंगति विभागीय निर्णयों को और उलझा रही है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार हर साल ग्रेडेशन यानी सीनियरिटी लिस्ट बननी चाहिए, लेकिन 2011 के बाद से सूची नहीं बनी। 2024 में तत्कालीन आयुक्त ने जो सूची बनाई थी, अब वह अस्तित्व में नहीं है।

# मध्य प्रदेश में बार-बार क्यों बदल रही गेहूं खरीदी तारीख, अब 10 अप्रैल से शुरू होगी प्रक्रिया

## तीसरी बार तारीख बदलने से उठे सवाल, कांग्रेस का आरोप-किसानों को कर्ज लेने पर मजबूर कर रही सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब प्रदेश के कई संभागों में खरीदी 1 अप्रैल के बजाय 10 अप्रैल से शुरू होगी। गेंहू खरीदी की बार-बार बढ़ती तारीख ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसे लेकर अब कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि सरकार ऐसा करके किसानों को कर्ज लेने के लिए मजबूर कर रही है। अब एक बार फिर बदले हुए सरकारी फैसले के अनुसार, भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग में 10 अप्रैल से गेहूं उपार्जन शुरू होगा, जबकि अन्य संभागों में यह प्रक्रिया 15 अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी। यह निर्णय गेहूं खरीदी के लिए गठित कैबिनेट मंत्रियों की समिति द्वारा लिया गया है। गौरतलब है कि यह तीसरी बार है जब



खरीदी की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले 1 फरवरी से खरीदी शुरू होनी थी, जिसे बाद में 16 मार्च किया गया। इसके बाद 1 अप्रैल की तारीख तय हुई, लेकिन अब इसे फिर बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। लगातार हो रहे बदलाव के पीछे वारदाने (बोरी) की कमी को मुख्य कारण बताया जा रहा है। किसान कर्ज लेने को मजबूरः मुकेश नायक इस फैसले को लेकर विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि बार-बार तारीख बढ़ने से किसान आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल से विवाह मुहूर्त शुरू हो रहे हैं और किसानों के घरों में भी शादियां हैं, लेकिन गेहूं की बिक्री न होने के कारण उन्हें खर्च के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि खुले बाजार में गेहूं का दाम समर्थन मूल्य से करीब 500 रुपये प्रति क्विंटल कम मिल रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस ने की जल्द खरीदी शुरू करने की मांग कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द गेहूं खरीदी शुरू की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। वहीं, सरकार का कहना है कि व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर तय नई तारीख से खरीदी सुचारु रूप से शुरू की जाएगी। जमीनी स्तर पर देखा जा रहा है कि बदलती तारीखों के कारण किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, जिससे उनमें आक्रोष भी पनप रहा है।

# मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**भोपाल।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार एच. एल. ओ. प्रश्नावली तथा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को समझाने की विधि तथा एच.एल.ओ.एप्प का उपयोग कर उत्तर भरने की विधि एवं डाटा सत्यापन स्वगणना आदि के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया। मार्गदर्शन जनगणना निदेशालय के अधिकारियों द्वारा दिये गये। प्रशिक्षण के दौरान निगम के उपायुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी हीरेन्द्र सिंह कुशवाह सहित अन्य अधिकारी व फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित थे। जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकानों की सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मंगलवार को शासकीय मॉडल स्कूल टी.टी.नगर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों के अनुसार फील्ड ट्रेनर्स को प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु एच.एल.ओ. प्रश्नावली को अवधारणाओं एवं परिभाषाओं के साथ समझाने तथा प्रगणकों द्वारा प्रश्नों के उत्तर एच.एल.ओ.एप्प का उपयोग की विधि तथा पर्यवेक्षकों द्वारा डाटा सत्यापन, स्वगणना में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन बी. आर. सी. सी. सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी व सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश नापित द्वारा दिये गये। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय की सहायक निदेशक श्रीमती एन. सी. रेजी, जिला सूचना अधिकारी एम.एल.अहिरवार भी मौजूद रहे।

# आपके व्यवहार और बयानों से पार्टी की छवि खराब न हो

## समन्वय बैठक में संघ ने मंत्रियों को दी सख्त हिदायत

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भाजपा के मंत्रियों को सख्त हिदायत दी है कि उनके आचरण, व्यवहार और बयानों से पार्टी की छवि खराब न हो। संघ ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया है कि कार्यकर्ता बिजली की तरह चमकने (क्षणिक चमक) के बजाय दीपक की तरह जलकर (निरंतर सेवा) समाज की सेवा करें। दरअसल, राजधानी के सुशासन भवन में सोमवार को संघ की मौजूदगी में सरकार और संगठन की समन्वय बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में पिछले कुछ महीनों से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी को लेकर चर्चा हुई है और उन्हें सरकार के साथ काम करने की समझाइश दी गई है। इसके अलावा



बैठक में सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों पर भी मंथन किया गया है। जानकारी के अनुसार, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन स्कूल में अचानक बुलाई गई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में संघ के वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी, दीपक विस्तपुते, स्वप्निल कुलकर्णी के अलावा प्रांत प्रचारक स्तर के पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद है, जिससे इस बैठक की अहमियत बढ़ गई है। तकरीबन पांच घंटे चली बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी पर भी चर्चा की गई है। बताया गया है कि दोनों नेताओं से कहा गया है कि उनके किसी भी तरह के कार्यों से सरकार और पार्टी को नुकसान नहीं होना चाहिए। बताया गया है कि दोनों मंत्रियों ने संघ पदाधिकारियों के सामने अपनी बातें रखी है। इसके बाद उनकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भी चचर्चा हुई है। सूत्रों का कहना है कि अचानक बुलाई गई बैठक दिल्ली के निर्देश पर की गई है। पिछले कुछ दिनों से मंत्रियों द्वारा केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष अपनी बातें रखी गई है, तो उनके द्वारा कैबिनेट की बैठक में अनुपस्थिति व अन्य कार्यक्रमों से दूरी बनाने की खबर भी दिल्ली पहुंची है। ऐसे में संघ और भाजपा संगठन ने इस पूरे मामले का पटाक्षेप करने के लिए संघ और संगठन की समन्वय बैठक भोपाल में बुलाने के निर्देश दिए गए थे। जिसमें कहा गया था कि यह मामला जल्द से जल्द निपटा लिया जाए। राज्यसभा उम्मीदवार-मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर भी मंथन होने की खबर है। जानकारों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व चाहती है कि मध्यप्रदेश की खाली हो रही राज्यसभा की तीनों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा जाए। ये तीनों उम्मीदवार मध्यप्रदेश से ही हो। बैठक में कांग्रेस के खाते वाली सीट भाजपा को कैसे मिले, इस पर भी चर्चा की गई है। तीसरी सीट पर पार्टी किसी ऐसे नेता को उम्मीदवार बना सकती है, जो शीर्ष नेतृत्व के करीबी है। सूत्रों की मानें तो बैठक में प्रदेश मंत्रिमण्डल के विस्तार और फेरबदल को लेकर भी मंथन किया गया है। दरअसल केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा संभावित फेरबदल को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पहले ही हरी झंडी दे दी गई है, लेकिन प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मंत्रिमण्डल विस्तार और फेरबदल को लेकर निर्णय नहीं हो पा रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जब भी फेरबदल होगा, तो प्रदेश सरकार के कुछ बड़े नेता दिल्ली जा सकते है। इनमें कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के नाम की भी चर्चा की जा रही है। कहा जा रहा है कि इन दोनों नेताओं को भाजपा की राष्ट्रीय टीम में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# रतलाम में अंतर्राज्यीय ड्रग नेटवर्क पर करारा प्रहार

## राज्यपाल ने की लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा मानवता की सेवा है। इससे आत्म संतोष मिलता है। प्रदेश को सिकल सेल और टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों में सेवा भाव को सर्वोपरि होना चाहिए। राज्यपाल पटेल मंगलवार को लोकभवन में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा जवाहर खण्ड सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पात्रता आदि की समुचित जानकारी दें। प्रदेश स्तरीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शून्य से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों की विशेष तौर पर जाँच करें। जाँच शिविरों में आमजन को बताएँ कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सिकल सेल एनीमिया का इलाज कवर होता है। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत सिकल सेल रोगियों के इलाज की जिलेवार समीक्षा की। **जन प्रतिनिधि पोषण आहार वितरण में करें सक्रिय सहयोग** - राज्यपाल पटेल ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन



कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण में सक्रिय सहयोग करें। राज्यपाल पटेल ने निःक्षय मित्रों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में और अधिक निःक्षय मित्रों को जोड़कर पोषण आहार वितरण को बढ़ाने के प्रयासों पर बल देने के निर्देश दिए है। **खनन क्षेत्रों में भी कराएं टी.बी. की सघन जाँच**- राज्यपाल पटेल ने खनन क्षेत्रों में निवासरत और कार्यरत व्यक्तियों की टी.बी. जाँच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिकल सेल जाँच लक्ष्य एवं पूर्ति, जेनेटिक कार्ड वितरण, हाईड्राक्सी यूरिया की उपलब्धता, गर्भावस्था में माताओं और शिशुओं का सिकल सेल प्रबंधन, सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान योजना का लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, 125 दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान आदि विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति, सिकल सेल और टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न मानको को शत-प्रतिशत पूरा करने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। राज्यपाल पटेल को आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन ने जिलेवार दवा वितरण, घर-घर दवाई वितरण, जाँच आदि कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। श्री जैन ने अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिलों में औषधि वितरण के विशेष प्रयासों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल पटेल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की उपलब्धियों, सघन स्क्रीनिंग, 100 दिवसीय निःक्षय अभियान, निःक्षय मित्र, पोषण आहार वितरण आदि की जानकारी दी। राज्यपाल पटेल के निदेर्शानुसार प्रारंभ किए गए अनुसूचित जनजाति छात्रावासों में विद्यार्थियों की टी.बी. जाँच, परामर्श, उपचार आदि के बारे में भी बताया। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव अशोक कुमार बर्णवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती मीनाक्षी सिंह, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और लोकभवन के अधिकारी मौजूद रहे।

# आज से घर-जमीन खरीदना होगा महंगा, रजिस्ट्री के लिए जेब करनी होगी ढीली

## नगर निगम क्षेत्र में निर्माण दरों में 1000 रुपये की वृद्धि की गई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी खरीदना और महंगा हो जाएगा। रजिस्ट्री की दरें बढने वाली हैं। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने राज्य के 55 जिलों में 5 लाख 5 हजार स्थानों में से 65 हजार स्थानों पर प्रॉपर्टी की दरों में बढ़ोतरी के साथ ही निर्माण की दरों को भी बढ़ाई गई है। इससे लोगों का घर का सपना उनके बजट से बाहर होता जा रहा है। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के सभी जिलों में प्रॉपर्टी की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव दिए गए थे। इसके बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने इसे हरी झंडी दे दी थी। राज्य के 65 हजार स्थानों पर औसत वृद्धि 16 फीसदी तक की गई है। ये 1 अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी। यही वजह है कि रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा। वहीं, निर्माण दरों में 7 से 14 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। निर्माण दरों में 1000 रुपये की वृद्धि की गई है। ये नगर निगम क्षेत्र में 13 हजार से बढकर 14 हजार रुपये हो गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ये दर 6000 से बढकर 7000 रुपये हो गई है। इस वजह से मकान की लागत तो बढ़ेगी ही इसके साथ ही रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी भी ज्यादा देनी होगी। भोपाल में कितनी बढ़ेंगी दरें मध्य प्रदेश में हर साल औसतन प्रॉपर्टी की दरों में तीन फीसदी की बढ़ोतरी होती है। पिछले साल ये 13 प्रतिशत थी जो अब 16 फीसदी हो गई है, जो कि 3 फीसदी है। राजधानी भोपाल में 12 परसेंट की औसत वृद्धि की गई है। वहीं कई स्थानों पर 740 स्थानों पर 1 से लेकर 181 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे यहां प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो गया है।



### बिजली बिल में बढ़ोतरी

*नए नियमों के तहत बिजली की दरों में औसतन पांच प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। हालांकि यह बढ़ोतरी स्लैब के अनुसार अलग-अलग होगी। जानकारी के अनुसार 200 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को करीब 80 रुपये तक अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है, जबकि 400 यूनिट तक खपत करने वालों का बिल 150 रुपये तक बढ़ सकता है। इससे गर्मी के मौसम में पहले से ही बढ़ी बिजली खपत के बीच उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कचरा प्रबंधन के नए नियम शहरों में अब कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटना अनिवार्य किया जा रहा है। गीला, सूखा और अन्य प्रकार के कचरे को अलग नहीं करने पर जुमार्ना लगाया जाएगा। नगर निगम ने इसके लिए सख्त नियम बनाए हैं, जिनके तहत घरों, होटलों और संस्थानों को कचरा पृथक्करण सुनिश्चित करना होगा। इससे साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।*

### रेलवे रिजर्वेशन नियमों में बदलाव

*रेलवे रिजर्वेशन के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। अब वेटिंग टिकट और कंफर्मेशन से जुड़े नियमों को और पारदर्शी बनाया गया है। साथ ही टिकट कैंसिलेशन और रिफंड प्रक्रिया में भी सुधार किया गया है, जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। नए नियमों के लागू होने से यात्रा प्रबंधन अधिक व्यवस्थित होने की उम्मीद है।*

### आयकर प्रणाली में सुधार

*आयकर कानून को सरल बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। इसमें टैक्स भुगतान और रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया को आसान किया गया है। डिजिटल माध्यमों के जरिए भुगतान को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और समय की बचत होगी।*

स्वायात्तधिकारी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक उमाकांत मिश्रा द्वारा गौरव इंटरप्राइजेज समय भवन सब्जी मंडी गंज रोड शहडोल मध्य प्रदेश 484 001 से मुद्रित एवं मकान नंबर 23 वार्ड नंबर 1 नियर आनंद फिलिंग स्टेशन सीधी तिराहा रीवा शहडोल मेन रोड ब्यौहारी जिला शहडोल मध्य प्रदेश प्रा.484774 से प्रकाशित संपादक उमाकांत मिश्रा (समाचार के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र व्यवहारी रहेगा) Email - editoryesnews@gmail.com फोन नंबर - 80854 13775, 9977690941